वर्ष- 20 अंक - 286 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
इंदौर, मंगलवार 1 अप्रैल 2025

## मंत्री की मां को निकाला

**पटना.एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के पिता रामविलास पासवान की पहली पत्नी राजकुमारी देवी ने अपने देवर पारस पासवान और रामचंद्र पासवान की पत्नी पर आरोप लगाया कि उन्होंने उन्हें (राजकुमारी को) घर से निकाल दिया। संपत्ति विवाद को लेकर पासवान परिवार में महाभारत छिड़ी हुई है।

# अंतरिक्ष से अद्भुत दिखा हिंदुस्तान शानदार दिखा हिमालय

### *धरती पर लौटने के बाद सबसे पहले सेंडविच खाया*



### *सुनीता विलियम्स ने कहा कि वह जल्द ही भारत आएंगी*

**वॉशिंगटन ● एजेंसी**

भारतीय मूल की नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष से धरती पर वापसी के बाद मीडिया से बात करते हुए भारत को महान देश बताया। उन्होंने यह भी बताया कि अंतरिक्ष से भारत रोशनी के नेटवर्क जैसा दिखता है। सभी छोटे-बड़े शहर और समुद्र अद्भुत नजर आए। अंतरिक्ष से हिमालय को देखना शानदार अनुभव रहा। उन्होंने उम्मीद जताई कि वे अपने पिता के गृह देश भारत का दौरा करेंगी और वहां के लोगों के साथ अंतरिक्ष के बारे में अपने अनुभव साझा करेंगी। धरती पर लौटने के बाद सुनीता ने सबसे पहले ग्रिल्ड चीज सेंडविच क्यों खाया, इसके बारे में सुनीता ने बताया कि मेरे पिता शाकाहारी थे, इसलिए मैंने सेंडविच खाया। यह सेंडविच मुझे घर का अहसास कराता है।

## सिलेंडर में विस्फोट से 4 बच्चों सहित 7 की मौत

**कोलकाता.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के सुंदरबन इलाके के डोलाहाट में एक घर में सिलेंडर विस्फोट के बाद पटाखों में भी विस्फोट हो गया। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जिनमें 4 बच्चे व 2 महिलाएं शामिल हैं। विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई जिससे पूरा घर तबाह हो गया।

# आपस में भिड़ीं दो मालगाड़ियां लगी आग, 3 की मौत, 4 घायल



**साहिबगंज ● एजेंसी**

झारखंड के साहिबगंज में आज तड़के 3:00 बजे बरहेट एम जी आर लाइन पर दो मालगाड़ियां आपस में टकरा गईं। टक्कर के कारण कोयले से भरी मालगाड़ियों में आग लग गई। एक मालगाड़ी का इंजन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में ड्राइवर सहित 3 की मौत हो गई तथा 4 सुरक्षा जवान घायल हो गए। दोनों गाड़ियां पटरी से उतर गईं, जिसके कारण रेल यातायात ठप हो गया।

## तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष पद से अन्नामलाई की होगी विदाई

**चेन्नई ● एजेंसी**



तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच गठबंधन की कवायद चल रही है। इसके लिए भाजपा अपने प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई को अध्यक्ष पद से हटा सकती है। जातिगत समीकरण साधने के लिए भाजपा अन्नामलाई को अध्यक्ष पद से हटाने पर विचार कर रही है। अन्नामलाई गौंडर समुदाय के हैं और अन्नाद्रमुक प्रमुख भी इसी समुदाय के हैं। इसलिए भाजपा अपना अध्यक्ष बदल सकती है।

## मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान गुल हुई बिजली

**भोपाल.एजेंसी।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भोपाल में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, तभी बिजली गुल हो गई। इससे सभागार में अंधेरा हो गया। एक मिनट बाद बिजली वापस आई तो मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने माइक चेक किया और कहा अपने हाथ में क्या है? यह ऐसे समय पता चलता है।

## मंत्री ने कहा-मस्जिद हटा लो वरना...

**लखनऊ.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के मंत्री संजय निषाद ने श्रृंगवेरपुर में निषादराज किले के पास स्थित मस्जिद को हटाने की मुलसमानों से मांग करते हुए धमकी दे डाली। उन्होंने कहा कि अगर निषाद गुस्से में आएंगे तो मस्जिद को हटा देंगे। उन्होंने कहा निषाद राज का किला त्रेता युग का है। उस समय इस्लाम धर्म नहीं था। इसलिए बाद में जानबूझकर किले पर मस्जिद बनाई गई है।

## 41 रुपए सस्ता हुए कमर्शियल सिलेंडर

**मंलवार.एजेंसी।** अप्रैल के पहले दिन आज 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 41 रुपए की कटौती की गई है। दिल्ली में अब एक कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1,762 रुपये प्रति सिलेंडर है। घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

## फैक्ट्री से गैस लीक, मालिक और कई पशुओं की मौत, 60 से ज्यादा बेहोश

**ब्यावर.एजेंसी।** राजस्थान के ब्यावर में तेजाब फैक्ट्री के गोदाम में खड़े टेंकर से नाइट्रोजन गैस का रिसाव होने से अफरा-तफरी मच गई। फैक्ट्री के मालिक और आसपास के इलाके के कई पशुओं की मौत हो गई जबकि 60 से अधिक लोग बेहोश हो गए। आसपास के लोग घर छोड़कर भाग गए।

## कठुआ में 9 दिन में तीसरा एनकाउंटर, 3 आतंकियों को घेरा

**कठुआ.एजेंसी।** जम्मू कश्मीर में कठुआ के बिलावर इलाके में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। कठुआ इलाके में 9 दिन में यह तीसरी मुठभेड़ है। पंजतीर्थी मंदिर के पास छिपे 3 आतंकियों को सेना ने घेर लिया। यहां सुबह से ही सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है।



## मुंबई धमाके के गुनाहगारों की जब्त होगी संपत्ति

**मुंबई.एजेंसी।** 1993 के मुंबई धमाके के आरोपी टाइगर और याकूब मेमन के परिवार से जुड़ी 14 अचल संपत्तियां जब्त होंगी। टाडा कोर्ट ने ये संपत्तियां जब्त कर केंद्र सरकार को सौंपने का फरमान सुनाया है। टाइगर मेमन फिलहाल फरार है, जबकि याकूब मेमन को 2015 में फांसी पर लटका दिया था।



# भाजपा करेगी अपने नए सदस्यों को बूथ पर एकत्रित

**स्थापना दिवस पर लगेंगे घर घर पर झंडे, होगा मिठाई वितरण, मंडल बैठक से लेकर आम्बेडकर जयंती के आयोजन भी बूथ स्तर पर होंगे। कल भाजपा के दोनों अध्यक्ष पहुंचे थे भोपाल**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



प्रदेश भाजपा ने कल अपने सभी प्रदेश पदाधिकारियों के अलावा जिला और शहर अध्यक्ष और पूर्व जिला अध्यक्षों की बैठक भोपाल प्रदेश कार्यालय में बुलाई थी। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा भी इस बैठक में मौजूद थे। इंदौर से भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावडा, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने भी भोपाल में शिरकत की। आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। पुराने कार्यों के साथ आजीवन निधि को लेकर भी चर्चा हुई। भाजपा संगठन ने शहर जिला अध्यक्षों को निर्देश दिए कि भाजपा के 6 अप्रैल स्थापना दिवस को बूथ पर आयोजित करें। भाजपा के जो नए सदस्य बने हैं उन्हें स्थापना दिवस 6 अप्रैल को बूथ पर एकत्रित करें। उन सभी को भाजपा की रीति नीति बताई जाए और उन्हें केंद्र और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं भी बताए जाए। बूथ पर मिठाई का वितरण भी किया जाए। वहीं भाजपा के जो सक्रिय सदस्य हैं उनकी भी बैठक 8 और 9 अप्रैल को मंडल स्तर पर बुलाई जाए। इन सक्रिय सदस्यों को केंद्र की 11 साल की मोदी सरकार की उपलब्धियां बताई जाए जिससे यह सक्रिय सदस्य मंडल के वार्डों में पहुंचकर भाजपाइयों के साथ आम जनता को भी सरकार की उपलब्धि बता सके। भाजपा इस बार 14 अप्रैल बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती बूथ स्तर पर मनाएगी। जहां बड़ा कार्यक्रम आम्बेडकर नगरी महू और गीताभवन चौराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर होगा। भाजपा सामाजिक समरसता का आयोजन भी करेगी। वहीं बस्तियों में संपर्क कर वहां समरसता, सफाई अभियान भी चलाएगी। कुल मिलाकर 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक भाजपा मंडल से लेकर बूथ स्तर तक आयोजन करेगी। इनमें ज्यादातर आयोजन बूथ स्तर पर होंगे। कल भोपाल में हुई बैठक में नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा और पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा भी पहुंचे थे। पूर्व नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे नहीं पहुंच पाए थे। अब भाजपा ने शहर और जिला में अपने स्थापना दिवस को लेकर आज से ही तैयारी शुरू कर दी है।

## मंत्री समर्थक के यहां मुबारकबाद के दौर



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मंत्री तुलसीराम सिलावट समर्थक मंजूर बेग के यहां कल ईद पर मुबारकबाद देने बडी. तादाद में सर्वधर्म वर्ग के लोग पहुंचे। जिनमें कुछ संत भी थे। जिन-जिन ने मुबारकबाद दी उनका बेग परिवार ने मुंह भी मीठा कराया। रियाज खान, यूनुस खान, फैजान बेग समीर बेग, राजू पठान आदि लोग मौजूद थे।



## पटवारी का संदेश लेकर शहरकाजी के पास पहुंचे कार्यवाहक अध्यक्ष

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का कौमी एकता का संदेश शहरकाजी इशरत अली को ईद की मुबारकबाद देने कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव और अशोक नालिया सहित अन्य मौजूद थे।



## सांसद के खिलाफ युवाओं का आक्रोश

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के पिछले माह दिए गए बयान के बवाल का मुद्दा थम नहीं रहा है। अब इंदौर में सांसद की टिप्पणी को लेकर फिर से युवाओं ने प्रदर्शन किया। युवाओं ने कहा कि राणा सांगा के खिलाफ बयान पर सांसद को निलंबित किया जाए। इस दौरान पृथ्वीपाल राठौर, प्रज्वल तंवर,अनमोल घरवे, दिग्विजय सोलंकी, अर्जुन रिछारिया मौजूद थे।

## मुद्दों को भटकाया जा रहा है- आप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।




स्टेट प्रेस क्लब के रूबरू कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ पीयूष जोशी पहुंचे और उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हमेशा मुद्दों को भटका देती है। अलग अलग मुद्दे बाहर लाकर बेवजह का तूल देकर अपनी कमजोरियों को ढंकने का काम सरकार कर रही है। कभी औरंगजेब की कब्र जैसा मुद्दा चर्चा में लाकर मुद्दे को उलझा रखा है जिससे लोगों का ध्यान सरकार की कमजोरी पर नहीं जाए। देश के कई घोटालेबाज भाजपा के सहयोगी बन गए इसलिए उनकी जांचें भी प्रभावित हो रही हैं, लेकिन जिन्होंने भाजपा के सामने आत्मसमर्पण नहीं किया उनको परेशान कर बदनाम किया जाता है। जोशी से मीडिया ने प्रश्न भी किया कि दिल्ली शराब घोटाला कितना बड़ा है। इस पर जोशी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने घोटाले का झूठा हौआ केवल दिल्ली चुनाव के लिए गढ़ा था जबकि भ्रष्टाचार सरकार के लिए कोई मुद्दा ही नहीं है। ऐसा ही महाराष्ट्र के अजीत पवार पर शिकंजा कसा गया था। जब वे भाजपा के सहयोगी बने तो सरकार में उपमुख्यमंत्री बना दिए गए। भाजपा मुद्दों पर बहस ना हो इसलिए ध्यान भटकाने के लिए पूरे तंत्र को हाईजैक कर रोजाना नए मुद्दे गढ़ देती है। प्रदेश में भी 20 वर्षों से भाजपा की सरकार है। फिर भी नवजात शिशु मृत्यु दर में सबसे आगे है और जन्म के समय माँ की मृत्यु दर में तीसरे नंबर पर। इंदौर में हर वार्ड में संजीवनी क्लिनिक की घोषणा की गई थी, उनमें से अधिकांश खुले ही नहीं और जो खुले उन्हें पीपीपी मॉडल के नाम पर निजी अस्पतालों को सौंपने की तैयारी है। इंदौर का ज़िला अस्पताल सात साल से अंडर कंस्ट्रक्शन ही है और प्रदेश के सबसे बड़े एम वाय अस्पताल में कैथ लैब जैसी छोटी सुविधा तक नहीं है और न यहां पीजी कोर्स पढ़ाए जाते हैं। सरकारी अस्पतालों में हमेशा डॉक्टरों की कमी रहती है और गर्भवती माताओं को अस्पताल लेने से मना कर देते हैं, जिसके बाद एंबुलेंस भी न मिलने पर ठेले से उन्हें ले जाने के अप्रिय दृश्य उपस्थित होते हैं। ट्रंप का रेसिप्रोकल टैरिफ मॉडल हमारे लिए खतरा है। कई मुद्दों पर आम आदमी पार्टी के पीयूष जोशी ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरा।

# महापौर खुश, उनके कार्यकाल में टूटा राजस्व वसूली का रेकार्ड

## *पिछली बार से 20 करोड़ से अधिक कर वसूली और आंकड़ा भी बढ़कर पार*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**कल नगर निगम में राजस्व वसूली का अंतिम दिन था और इस बार भी निगम के राजस्व विभाग ने जमकर ताकत लगाई और अपने पुराने रेकार्ड को तोड़ने का काम भी महापौर के कार्यकाल में हुआ तो महापौर पुष्यमित्र भार्गव गदगद हो गए। वैसे तो राजस्व वृद्धि का प्रारंभिक काम तो पूर्व महापौर मालिनी गौड़ के समय से हुआ था जब कोरोना काल के 2020-21 में निगम के टैक्स के रूप में राजस्व की कमाई 483 करोड़ हुई थी, लेकिन एक वर्ष बाद ही 2021-22 में नगर निगम ने करीब 250 करोड़ की छलांग लगाई थी।**

आंकड़ा 724 करोड़ राजस्व उगा कर किया था। फिर 2022-23 में निगम ने 743 करोड़ उगाए। महापौर पुष्पमित्र भार्गव ने अपने कार्यकाल में आंकड़े को 786 करोड़ किया और फिर अपने ही कार्यकाल में अब इस आकंड़े को 1 हजार करोड़ पार करने का काम किया। जो जानकारी निगम के राजस्व विभाग के अनुसार आ रही है उसके अनुसार कल भी निगम के राजस्व विभाग ने जमकर ताकत लगाई और उम्मीद से अधिक राजस्व का कलेक्शन किया गया। क्योंकि पिछले साल 900 करोड़ का टारगेट राजस्व का निगम ने किया था, लेकिन वह टारगेट पूरा नहीं होकर टारगेट पीछे रह गया था। इस बार महापौर पुष्पमित्र भार्गव, निगम आयुक्त शिवम वर्मा और राजस्व प्रभारी निरंजनसिंह चौहान ने अपने टारगेट को और लंबाई दी। 900 करोड़ के टारगेट में कल रात 12 बजे तक 1 हजार करोड़ का टारगेट पूरा कर लिया। कल शाम जब यह राजस्व टारगेट 980 के करीब पहुंचा था तब थोड़ी चिंताए जरूर हो रही थी। इस बार निगम ने जगह-जगह पुराने राजस्व बकाया पर दुकान, उद्योग, अन्य संस्थान, कार्यालय सील करने के सख्ती से काम किए थे और भी चालानी कार्रवाई निगम ने की थी। सभी तरह की राजस्व उगाई से लग रहा था कि निगम अपना टारगेट इस वर्ष का पूरा कर लेगा, लेकिन इतनी उम्मीद नहीं थी कि निगम अपने ही टारगेट को 100 करोड़ की ओर छलांग दे देगा, क्योंकि गत वर्ष 2023-24 के वर्ष में निगम ने जो टारगेट लिया था उस टारगेट में करीब 114 करोड़ रुपए कम रह गया था उसी सबक को लेकर निगम ने इसबार फिर से 900 करोड़ का टारगेट लेकर पिछले टारगेट की कमी का सबक लेकर इस बार निगम ने छलांग लगाई और पहली बार 1 हजार करोड़ के राजस्व को छूने का रिकार्ड भी अपने नाम निगम ने दर्ज कर लिया और इसी से महापौर पुष्पमित्र भार्गव और निगम आयुक्त से लेकर निरंजनसिंह चौहान और राजस्व उपायुक्त से लेकर हर झोन के अधिकारी खुश है। निगम ने लगातार समीक्षा बैठकें भी की और करदाताओं को प्रोत्साहित भी किया। छूट, इनाम की घोषणा करदाताओं के लिए की गई। कर चुकाने के लिए प्रचार भी किए गए। इसी से महापौर पुष्पमित्र भार्गव खुश हुए और भविष्य में निगम के करदाताओं से सहयोग की अपील भी की। वहीं निगम आयुक्त ने अधिकारी और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत बताया और सराहना भी की।



# निगम ने की करीब 3 दर्जन बाधक मकानों को तोड़ने की कार्रवाई

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**



चंद्रभागा हनुमान मंदिर से कलाल कुई मस्जिद तक की 60 फीट रोड चौड़ीकरण में बाधक बने करीब 3 दर्जन मकानों को निगम ने आज सुबह से तोड़ने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस बल को साथ लेकर निगम की टीम 5 पोकलेन और 4 जेसीबी के साथ इन 3 दर्जन के करीब बाधा बने हिस्से को तोड़ने पहुंची। निगम अधिकारी लता अग्रवाल मौके पर मौजूद रहीं। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से निगम यहां बचे हुए करीब 3 दर्जन मकानों को लगातार नोटिस दे रहा था। पहले नोटिस के बाद कई मकानों ने अपने मकान की बाधा को अपने ही हाथों से तोड़कर सहयोग किया था। अब बचे हुए मकानों को आज निगम ने तोड़ दिया। आज कई लोगों ने कहा कि जहां जवाहर मार्ग संजय सेतु के सामने सक एक रास्ता चंद्रभागा को मिलाने के लिए मिला है वहीं अब निगम को पंढरीनाथ से गौतमपुरा के सकरे मार्ग को भी जल्द चौड़ा करना चाहिए जिससे मार्ग चौड़ीकरण हो सके।

# सरकारी स्कूलों में आज से नया शैक्षणिक सत्र

## प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में आज से 4 दिनों तक स्कूल चलें हम अभियान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

प्रदेश के अन्य जिलों के साथ-साथ इंदौर जिले में भी आज एक अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुआ। सभी सरकारी स्कूलों में स्कूल चले हम अभियान को प्रारंभ किया गया। यह अभियान आज से 4 अप्रैल तक प्रवेश उत्सव के रूप में चलेगा। नए प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत सत्कार भी किया जा रहा है। आज से 4 दिन तक रोजाना शासकीय स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसकी शुरुआत आज से हो गई है। सभी शासकीय स्कूल के प्राचार्यों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान देवें। आज भोपाल में भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नए प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत का आयोजन किया। प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया और शिक्षा पोर्टल का शुभारंभ भी



किया। प्रदेश भर में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल हैं जिनमें करीब 85 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। आज इंदौर का जिलास्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम शासकीय सीएम राइज अहिल्याश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-दो में सुबह से आयोजित किया। कार्यक्रम में छात्राओं को तिलक लगाए गए और पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। आज बालसभा का आयोजन भी हुआ और भोजन भी विद्यार्थियों को कराया गया। इधर आज महूनाका स्थित सीएम राइज शासकीय नवीन स्कूल में भी नया शैक्षणिक सत्र आयोजित किया गया। वहां भी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर सम्मान हुआ। चित्र उसी अवसर का

# कांग्रेस नेता की मांग पर टेकरी पर लगा अस्थायी सुविधा घर




**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

कांग्रेस नेता गजेंद्र वर्मा ने बिजासन टेकरी पर श्रद्धालुओं को आ रही दिक्कत का मुद्दा उठाया था। शौचालय की दुविधा और पानी नहीं होने के मुद्दे पर उन्होंने श्रद्धालुओं को सुविधा के लिए पानी की बॉटल भी लाकर दी थी। उसी के बाद अब निगम ने बिजासन टेकरी के समीप चलित शौचालय अस्थायी रूप से खड़ा किया है। गजेंद्र वर्मा ने मांग पूरी होने पर साधुवाद दिया है।

# गलती से पिया एसिड, मौत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। लसूड़िया इलाके में एक महिला द्वारा गलती से एसिड पीने की वजह से उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

बताते हैं कि तलावलीचांदा निवासी कैलाशीबाई पति शंकर (53) को एसिड पीने के बाद परिजन इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां परीक्षण के पश्चात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला के पति का कहना है कि पत्नी ने गलती से एसिड पी लिया था जिससे उसकी मौत हुई हैं। मामले में अब पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर मामले की आगे जांच की जा रही है।

# दो युवकों ने जहर खाकर दी जान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** शहर के अलग अलग इलाकों में दो युवकों द्वारा आत्महत्या करने के मामले सामने आए हैं। तिलकनगर थाना इलाके में बंगाली ब्रिज पर अजय पिता राधेश्याम (26) निवासी मित्रबंधु नगर ने जहर खा लिया जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अजय को बचाया नही जा सका।फ़िलहाल युवक की आत्महत्या की वजह पता नही चल सकी हैं। इसी तरह आजादनगर मूसाखेड़ी निवासी विकास पिता जमनाराम (35) ने भी जहर खाकर आत्महत्या कर ली। दोनों मामलों में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही हैं।

# निगम की कांग्रेस को मिला प्रदर्शन के लिए शहर जिला कांग्रेस का साथ

## मोर्चा प्रकोष्ठ और हारे हुए विधायक उम्मीदवार से लेकर कांग्रेस के पार्षदों को भी दिया बुलावा

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे द्वारा निगम में हुए 11 करोड़ के ड्रेनेज घोटाले को लेकर कल 2 अप्रैल को संभागायुक्त कार्यालय पर भ्रष्टाचार के खिलाफ घेराव का ऐलान किया है। कल सुबह 10 बजे होने वाले घेराव में निगम में नेता प्रतिपक्ष को शहर और जिला कांग्रेस का भी साथ मिला है। वहीं कांग्रेस की सभी मोर्चा महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, सेवादल और भाराछासं को भी न्योता प्रदर्शन के लिए दिया है। वहीं विधानसभा चुनाव हारे उम्मीदवार और कांग्रेस के पार्षदों को भी बुलावा दिया है। कल के प्रदर्शन के लिए निमंत्रण प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और वरिष्ठ नेताओं को भी दिया गया है। चौकसे ने बताया कि नगर निगम में लगातार बड़े भ्रष्टाचार हो रहे हैं जिसकी परतें खुल रही हैं। पहले भी केवल अभय राठौर और छोटे अधिकारी कर्मचारियों पर ही कार्रवाई हुई। जो एसआईटी कमेटी भोपाल से बड़े घोटाले की जांच करने आई थी वह भी एक दिन में लौट गई थी। अब कल संभागायुक्त कार्यालय का घेराव कर मांग की जाएगी कि जनता के पैसे को डकारने वाले भ्रष्टाचारियों को बख्शा नहीं जाए। इसके लिए मजबूत जांच कमेटी बनाई जाए। चौकसे ने यहां तक कहा कि अब कांग्रेस चुप बैठने वाली नहीं है। अब जब तक जाँच कमेटी बनकर जांच नहीं होगी तब तक कांग्रेस धरना, प्रदर्शन, आंदोलन और जरूरत पड़ी तो चक्काजाम भी करेगी। कांग्रेस का एक ही लक्ष्य है कि जब तक दोषी जेल की सलाखों के पीछे नहीं जाए तब तक आंदोलन किया जाए। इस मामले में चौकसे का यह भी कहना है कि कुछ भाजपा नेताओं का भी वरदहस्त अधिकारियों पर है इसीलिए अधिकारी बेखौफ होकर जनता के पैसों को भ्रष्टाचार कर डकार रहे हैं। इसी कड़ी में 11 करोड़ का ड्रेनेज घोटाला सामने आया तो बड़े रूप में आगे दिखेगा।



# बाइक चोरी कर भागे आरोपी ट्रैफिक पुलिस की सतर्कता से पकड़ाए

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

**ट्रैफिक पुलिस की सतर्कता से चोरी हुई बाइक का पता चल गया और गाड़ी पकड़ ली गई और आरोपी को भी हिरासत में ले लिया गया।**

ट्रैफिक डीसीपी अरविंद तिवारी के मुताबिक उपनिरीक्षक शिवलाल विश्वकर्मा और टीम देवास नाका चौराहा पर यातायात प्रबंधन का कार्य कर रही थी। इस दौरान एक व्यक्ति ने चौराहे पर आकर सूचना दी कि दो अज्ञात लोग मेरी बाइक चुरा कर भागे हैं। इस पर यातायात टीम ने एमआई शिवलाल विश्वकर्मा, हवलदार महेंद्र और सिपाही चेनसिह व अजय ने तत्काल आरोपियों का पीछा किया गया। उन्होंने संदिग्ध पीछा करते वक्त मांगलिया की ओर भागते दिखा। टीम ने मुस्तैदी से आरोपियों को पकड लिया और वाहन सहित थाना लसूड़िया पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस विवेचना, पूछताछ और आगे की कार्रवाई कर रही है। वाहन मालिक ने इसके लिए यातायात पुलिस का धन्यवाद अदा किया।

# 'पहचाना मुझे' आपके पिताजी का मित्र बोल रहा हूं?

## परिचित बनकर लोगों को बनाया शिकार, गत वर्ष ठगे 2 करोड़ 83 लाख रुपए

### इस साल में अब तक 150 लोगों से 48 लाख ठगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**साइबर ठगों द्वारा लोगों को परिचित बनकर वारदात को अंजाम देने के लगातार मामले सामने आ रहे हैं।क्राइम ब्रांच द्वारा ऐसे मामलों में शिकायत पर कार्रवाई करते हुए ठगोरो के बैंक खाते फ्रिज कर पीड़ितों को उनकी राशि भी रिफंड करवाई जा रही हैं।**

क्राइम ब्रांच के द्वारा संचालित सायबर हेल्पलाइन पोर्टल पर सोशल मीडिया एवं ऑनलाइन फ्रॉड संबंधित शिकायते प्राप्त होती है, जिसपर क्राईम ब्रांच इंदौर पुलिस के द्वारा लगातार आवेदकों के साथ हुए फ्रॉड की राशि रिफंड कराई जा रही है, इसी अनुक्रम में कई आवेदकों के द्वारा ऑनलाइन फ्रॉड संबंधित शिकायत की गई थी जिसमे से कुछ आवेदक से फ्राड की संपूर्ण जानकारी लेकर जांच की जिसमें ज्ञात हुआ कि आवेदक जसविंदर का भतीजा ऑस्ट्रेलिया में स्टडी और पार्टटाइम जॉब दोनों कर रहा था। अज्ञात ठग के द्वारा आवेदक को कॉल करके कहा कि मैं आपका ऑस्ट्रेलिया वाला भांजा बोल था हूं। मेरा वीजा खत्म होने वाला है अगर वीजा एक्सटेंड नहीं करवाया तो ऑस्ट्रेलिया पुलिस मुझे पकड़ लेगी, आवेदक द्वारा भांजे को पुलिस कार्यवाही से बचाने का सोचकर जल्दबाजी में ठग को 15 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर ठगी का शिकार हो गए।

**ठगों के बैंक अकाउंट फ्रिज कराने सहित 20 प्रतिशत से अधिक फ्रॉड राशि आवेदकों को कराई गई रिफंड**



वहीं आवेदक सूर्यप्रकाश (परिवर्तित नाम) निवासी इंदौर को अनजान ठग द्वारा कॉल पर कहा कि'पहचाना मुझे', 'मेरी आवाज से पहचानो जीजाजी बोल रहा हूं'तो आवेदक के द्वारा अपने जीजाजी का नाम बोला, जिसका फायदा उठाकर ठग द्वारा वही जीजाजी बनकर पेमेंट भेजने का झूठ बोलकर ठग द्वारा आवेदक के ज्व्दहा–ज वॉलेट अकाउंट से पेमेंट प्रोसेस करवाते हुए 12,20,000/– रुपए ट्रांसफर करवाकर ऑनलाइन ठगी की गई थी।

आवेदक राधेमोहन (परिवर्तित नाम) निवासी इंदौर को ठग व्यक्ति के द्वारा कॉल कर स्वयं को ऑफिस का सर बताते हुए झूठे विश्वास में लेकर पैसे भेजने के नाम से आवेदक के ज्व्दहा–ज वॉलेट अकाउंट से पेमेंट प्रोसेस करवाकर 2,23,462/– रुपए ट्रांसफर कर ऑनलाइन ठगी की गई थी।

आवेदिका मोहिनी (परिवर्तित नाम) निवासी इंदौर के पति को किसी ठग द्वारा संपर्क किया और बोला की 'पहचाना मुझे', 'मेरी आवाज से पहचानो काकाजी बोल रहा हूं' जिस पर आवेदिका के द्वारा काकाजी का कॉल समझकर विश्वास करके बात की तो ठग द्वारा झूठ बोला की मुझे अपने मित्र से पैसे लेना है और मेरे अकाउंट में पैसे नही आ रहे है तो आपके अकाउंट में पैसे डलवा देता हूं और बाद में आपसे पैसे ले लूंगा, और आवेदिका के पेटीएम वॉलेट अकाउंट से पेमेंट प्रोसेस करवाते हुए 3,60,000/– रुपए ट्रांसफर करवाकर ऑनलाइन ठगी की गई थी।

आवेदक रमेश(परिवर्तित नाम) निवासी इंदौर को अनजान ठग द्वारा कॉल पर कहा कि 'पहचाना मुझे', 'मेरी आवाज से पहचानो तुम्हारा बचपन का मित्र बोल रहा हूं' तो आवेदक के द्वारा अपने परिचिति मित्र का नाम बोला, जिसका फायदा उठाकर ठग द्वारा वही मित्र बनकर पेमेंट भेजने का झूठ बोलकर ठग द्वारा आवेदक के गुगल-पे वॉलेट अकाउंट से पेमेंट प्रोसेस करवाते हुए 3,36,000/– रुपए ट्रांसफर करवाकर ऑनलाइन ठगी की गई थी।

आवेदिका मेघा (परिवर्तित नाम) निवासी इंदौर को अनजान ठग द्वारा कॉल पर कहा कि 'पहचाना मुझे', मेरी आवाज से पहचानो मैं रिश्ते में तुम्हारा भाई बोल रहा हूं 'तो आवेदिका के द्वारा अपना रिश्ते में भाई बोला, जिसका फायदा उठाकर ठग द्वारा उक्त भाई बताकर पेमेंट भेजने का झूठ बोलकर ठग द्वारा आवेदिका के उद्दुत गुगल-पे वॉलेट अकाउंट से पेमेंट प्रोसेस करवाते हुए 3,06,000/– रुपए ट्रांसफर करवाकर ऑनलाइन ठगी की गई थी।

इसी तरह आवेदिका राधिका निवासी इंदौर को ठग व्यक्ति के द्वारा कॉल कर स्वयं को पिताजी का मित्र बताते हुए झूठे विश्वास में लेकर बोला की मुझे किसी से पैसे लेना है और मेरे खाते में पैसे आ नही रहे है तो आपके खाते में पैसे डलवा देता हु और आपसे वह पैसे में बाद में ले लूंगा, आवेदिका को पैसे भेजने के नाम से आवेदिका के पेटीएम वॉलेट अकाउंट से पेमेंट प्रोसेस करवाकर 3,37,012/– रुपए ट्रांसफर कर ऑनलाइन ठगी की गई थी।

# खतरे के सुलगते अंगारों पर इंदौर

**नहीं ले रहे फायर एन ओ सी**

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शहर में स्थित इमारतों में आज भी लापरवाही का आलम कायम है। खर्च की वज़ह से आम जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। व्यावसायिक इमारतों के साथ स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, ऑफिस जैसे बड़ी इमारतों में अग्निशमन सुरक्षा का पूरा इंतजाम होना चाहिए इसके लिए नगर निगम पहले ही नोटिस जारी कर चुका है। कलेक्टर द्वारा जीआईएस से करवाए गए सर्वे में शहर में दस हजार से अधिक ऐसी इमारतों का पता लगाया है जिनमें सुरक्षा की दृष्टि से फायर सेफ्टी के इंतजाम किए जाने अनिवार्य हैं क्योंकि आगजनी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है जिसके रोकथाम के लिए अग्निशमन के पर्याप्त इंतजाम करने में बचने वालों के लिएअग्निशमन सुरक्षा को लेकर एक सख्त चेतावनी जारी की है। निगम ने कहा है कि अगर जल्द ही इन सुरक्षा इंतजामों में सुधार नहीं हुआ तो भवनों को सील कर दिया जाएगा।

नगर निगम ने बड़ी इमारतों में अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर से सार्वजनिक सूचना जारी की है। निगम ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी दिनों में इन इमारतों में सुरक्षा इंतजामों को लेकर कोई सुधार नहीं किया जाता है, तो निरीक्षण के बाद इन भवनों को सील कर दिया जाएगा। इससे पहले भी नगर निगम ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ मिलकर एक बड़ा अभियान चलाया था, जिसके तहत कई इमारतों को सील किया गया था। अब एक बार फिर से इस अभियान को चलाने की योजना बनाई गई है, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों से दिशा-निर्देश मिलने के बाद नगर निगम ने कार्रवाई की योजना तैयार की है।

नगर निगम के फायर ऑफिसर विनोद मिश्रा के मुताबिक नगर निगम से फायर एन ओ सी प्राप्त करना अनिवार्य है, नहीं लेने पर पेनल्टी का प्रावधान है। पहले साल प्रतिदिन पांच सौ रुपये है जबकि दूसरे वर्ष से यह पेनल्टी दोगुनी हो जाएगी।

# जिला जेल में विचाराधीन कैदी की पिटाई

### परिजनों ने लगाए जेलर पर आरोप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**जिला जेल में बंद विचाराधीन कैदी के साथ उप जेलर के इशारे पर हुई मारपीट में बंदी के गुप्तांग पर इतनी चोटें पहुंची कि उसे ऑपरेशन के लिए एम वाय हॉस्पिटल में दाखिल किया गया है।**

परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक जिला जैल में अनस खान 11 माह से बंद है। बंदी अनस खान की मां जब उससे मिलने11 मार्च को जैल गई तो वहां उषा नामक महिला कर्मी ने रुपये की मांग की लेकिन अनस खान की मां ने जब रुपये नहीं दिए तो उषा ने अनस खान की पिटाई करवाने की धमकी दी इस घटना के बाद एक बार फिर जब अनस खान के परिजनों ने जेल में मुलाकात करनी चाही तो उन्हें अनस खान से मिलने नहीं दिया गया। 29 मार्च को अनस खान की मां को जेल से फोन आता है कि तुम्हारे पुत्र का ऑपरेशन एम वाय में होना है उसे भर्ती किया गया है। ये बात सुनकर अनस खान के परिजन सकते में आ गए और तत्परता से अस्पताल पंहुचे तो पाया कि अनस खान जेल कर्मियों की पिटाई से बुरी तरह घायल है । अनस खान ने आपबीती परिजनों को बताई कि डिप्टी जेलर मनोज जायसवाल के इशारे पर उसकी बेशरमी से बेल्ट लात घूंसों से पिटाई की गई जिससे उसके गुप्तांग पर गम्भीर चोट आई तो उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया है। सवाल ये है कि जेल में विचाराधीन कैदी के साथ इतनी बेशरमी से मारपीट क्यों की गई ? वैसे जेल में बंदियों की पिटाई करना आम बात है जो जेल अधिकारियों के इशारे पर होती ही रहती है लेकिन इतनी अधिक पिटाई करना ये एक अलग ही प्रकरण है। गुप्तांग पर लगी चोट कितनी गहरी है और ऑपरेशन के बाद पीड़ित ठीक हो पता है या नहीं ये बताने की स्थिति में कोई नहीं है।



# मूर्छित हुई गाय का किया इलाज

**इंदौर।** किशनगंज क्षेत्र में एक गाय मूर्छित हुई जिसकी जानकारी बजरंग दल महू की टीम को दी गई। टीम ने वहां पहुंचकर मूर्छित गाय का पहले उपचार किया फिर शासकीय टीम को सूचना देकर उपचार करवाया। प्रमोद चौहान, सोनू कासोटे, हर्ष मिश्रा, विपिन पवन, मंगल पाल सहित अन्य मौजूद थे।

# दुनिया के स्वच्छ देशों के अध्ययन पर जाएंगे नेता-अफसर

### जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने दी निगम को राय

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**स्वच्छता में सात बार नंबर वन होने के लिए शहर में जनता ने खूब सहयोग किया और निगम अफसरों के साथ सफ़ाई मित्रों ने हाड़ तोड़ मेहनत की। उन्होंने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है कि ज़ज्बा हो तो खुद को सबसे आगे रखा जा सकता है। हर बार की तरह इस बार भी सबसे आगे रहने के साथ आठवें अवार्ड का भी प्रबल दावेदार हमारा शहर ही है।**

जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने दी निगम को राय देते हुए कहा है कि दुनिया के स्वच्छ शहर जिन्होंने प्रदूषण के साथ वायु गुणवत्ता बनाने रखने के लिए कौन-कौन से ठोस कदम उठाए उनका अध्ययन करें और उसे अपनाएं ताकि वायु-ध्वनि प्रदूषण कम हो सके।

इंदौर में साल में 20 दिन से अधिक समय तक वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर तक जाने लगा है। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 पार तक जा रहा है और वायु प्रदूषक तत्व (पीएम ) की मात्रा 2.5 तक दर्ज हो रही है। इन सबके बीच पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने भी इंदौर को वायु प्रदूषण कम करने के लिए कहा है। निर्देशों के बाद अब इंदौर नगर निगम इस कार्य के लिए योजना बना रहा है जिसमें कई चरणों में काम किया जाएगा।

आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि पिछले सप्ताह नगर पालिक निगम इंदौर द्वारा वायु गुणवत्ता सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करने के लिए भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अपर सचिव नरेश पाल गंगवार और अतिरिक्त निदेशक एन. सुब्रमण्यम की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य इंदौर में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए अपनाई जा रही रणनीतियों की प्रगति का आकलन करना और उन्हें और अधिक प्रभावी बनाना था। बैठक के बाद हमने तय किया है कि हम कई चरणों में इंदौर की वायु गुणवत्ता बेहतर बनाने के लिए काम करेंगे।

नगर निगम के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का एक दल विदेश के ऐसे शहरों में जाएगा और वहां के वायु -ध्वनि प्रदूषण पर किए जा रहे कार्यों को देखेगा साथ ही वहां की प्रणाली को किस तरह अपने शहर में लागू किया जाएगा इस पर विचार करेगा।


चलो पढ़ें - आगे बढ़ें
स्कूल चलें हम अभियान मध्य प्रदेश
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
'स्कूल चलें हम' अभियान
राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम-2025
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
01 अप्रैल, 2025 | प्रातः 9:30 बजे
शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरेरा कॉलोनी (ओल्ड कैंपियन), भोपाल
सबकी पहुंच में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लक्ष्य
• नवीन तकनीक आधारित एजुकेशन पोर्टल 3.0 का लोकार्पण, इस पोर्टल के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया का सरलीकरण, अब तक 6 लाख 10 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया
• छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण
• नवीन शिक्षा सत्र में 1 अप्रैल से पूर्व 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं को छोड़कर समस्त कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित
• कक्षा-1 से 8वीं तक सभी शालाओं में बालसभा का आयोजन
• शालाओं में 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम का संचालन
• विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार एवं शासकीय अधिकारी बच्चों को सुनायेंगे पढ़ाई के महत्व की एवं प्रेरणादायी कहानियां
• शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियों का आयोजन
• पालकों को शैक्षणिक स्टाफ द्वारा दी जाएगी स्कूल शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी
• पिछले शैक्षणिक सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85% से अधिक उपस्थिति रही है, उनके पालकों का होगा सम्मान
D-11219/24
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @JansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025




## जैन संत को श्रीफल भेंट

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विराग युवा मंच के अध्यक्ष पंकज जैन ने बताया कि बावनगजा बडवानी में जाकर मुनि संघ एवम आर्यिका संघ के चरणों में श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। लंबे समय बाद संत इंदौर आ रहे हैं। इस दौरान पंकज जैन, जेनेश झांझरी, दीपक पाटनी, निलेश सेठी, विपिन गंगवाल, अभिषेक सोनी, अखिलेश पहाड़िया, यश काला, भरत पहाड़िया, आयुष काला, गौरव पाटोदी, चिराग सोनी, सुमित सेठी, अभिषेक डोसी, रवि जैन, टोनी गंगवाल, सहित अन्य मौजूद थे।

## गणगौर के झाले दिए गए

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** अग्रसेन सेवा संगठन द्वारा मातृशक्तियों के लिए बाना का आयोजन किया। गणगौर के झाले दिए गए। गणगौर गीत गाए गए। 16 श्रृंगार प्रतियोगिता में मातृशक्तियों ने शिरकत की। दोहा गायन भी किया गया। सजन ने अपनी सजनी का नाम लेकर दोहे सुनाए। उषा राजेश बंसल, शीतल संजय टोडीवाला, रूपाली अग्रवाल, रानी अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, श्रेया अग्रवाल, शिल्पा अग्रवाल, रेखा टोडीवाला, रितु मित्तल, लीना बंसल, पूनम अग्रवाल, मीना गोयल, पूजा अग्रवाल, राजकुमारी गर्ग मौजूद थे।



## मस्जिद इमाम ने दिया इस्तीफा



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** इंदौर पीर गली राजबाड़ा के इमाम हाफ़िज़ कारी नौशाद पटेल नूरी पिछले 8 साल से इमाम की हैसियत से है अलविदा जुमे में अचानक मस्जिद से जैसे ही अपने इस्तीफे का ऐलान किया जुमे में आये हर शख्स जवान हो बूढ़ा सबकी आंखों में आंसू आ गए और इमाम से अपना इस्तीफा वापस लेने की अपील की। इमाम साहब ने कहा कि मेरे गांव और बिरादरी में इल्म और ओलमा की बहुत कमी है इस लिए मेरी खिदमत की वहां ज़्यादा जरूरत है आप सब की मोहब्बतों का बहुत शुक्रिया। हर शख्स ने इमाम साहब से गले मिलकर रो-रोकर अपनी मोहब्बतों का इज़हार किया। मस्जिद कमेटी ने कहा आप जब चाहें वापस आ सकते हैं, आप का हमेशा इस्तकबाल है।




## गणगौर के गीत गाए

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** साकेत क्लब में 300 मातृशक्तियों ने गणगौर महोत्सव का आयोजन किया। गणगौर का बाना निकाला। गणगौर के गीत भी गाए। अंध आश्रम की बालिकाओं ने गीत प्रस्तुत किए। पारूल ने नृत्य प्रस्तुति दी। नीता नामदेव ने नृत्य प्रस्तुत किया। गणगौर क्वीन का चयन किया गया। सोनू उदावत ने बताया कि प्रतिभाशाली महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। कई राजनेता भी मौजूद रहे।

## गोयल अध्यक्ष बने



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** अभा अग्रवाल महासभा में मालवा प्रांत क्षेत्र का अशोक गोयल को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। किशोर गोयल, संजय बांकड़ा, राजेश बंसल, दिनेश जिंदल सहित अन्य ने बधाई दी।

## पाटनी बने प्रभातफेरी जुलूस के संयोजक



इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर से जुड़े समाजजनों ने निर्णय लेकर दीपक पाटनी को महावीर जयंती पर निकलने वाले प्रभातफेरी जुलूस का संयोजक नियुक्त किया गया। कैलाश पाटनी, डॉ. सुधीर कटारिया, मुकेश पाटनी ने बधाई दी।



## बाना में दूल्हा बने शिव और दुल्हन बनी पार्वती

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।**

रुपल श्री रहवासी संघ महिला मंडल द्वारा गणगौर का बाना निकाला इसमे दूल्हा दुल्हन शिव पार्वती बनकर निकले। धार्मिक गीतों पर मातृशक्तियों ने नृत्य किया। दोहे गणगौर के गाए गए। पूनम सोनी, हेमा व्यास, भावना नीमा, राजू जलखरे, आशीष जैन, परागी नीमा, पणिका सोनी, नमामि जल खरे, इंदिरा व्यास, मीनल जैन, अंजू शाह, सीमा रायता, प्रीती कटवाना, लीलावती व्यास, पल्लवी लाड़, सुनीता गुप्ता, दीपा नीमा, छाया बंसल, रतन नीमा, स्मिता नीमा, विनिता जैन, दीक्षा जैन, लता सोलंकी, साधना सेठी मौजूद थे।

## जैन संत का मंगल प्रवेश



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।**

विनम्र सागर मसा भक्तामर वाले बाबा संघ का मंगल पदार्पण नगर में हुआ। श्रमणी गणिनी आर्यिका 105 विभाश्री माताजी ससंघ एवं श्रुत संवर्धिका श्रमणी आर्यिका रत्न 105 विमल श्री माताजी ससंघ संग सम्पूर्ण इंदौर नगर में अगवानी, एम आर 10 के आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के कीर्ति स्तम्भ से विजय नगर मंदिर में हुई। बापट चौराहा से विजय नगर जैन मंदिर इंदौर से 21 पिच्छी के विशाल संघ की आहारचर्या विजयनगर इंदौर में संपन्न हुई।

## जैन कॉलोनी में निकाली जैन समाजजनों ने प्रभातफेरी



**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** दिगंबर जैन समाज की 20 दिवसीय प्रभात फेरी जैन कॉलोनी मंदिर से मुनिश्री आदित्य सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में निकाली गई। मुनी संघ का पाद प्रक्षालन कर आरती उतारी गई। ध्वजारोहण के बाद श्रीजी के कलश हुए। मुकेश चंदन बाला पाटोदी का सम्मान किया। मुनि आदित्यसागर मसा के प्रवचन भी हुए। राकेश विनायका, सतीश जैन सुशीला पांड्या, बाहुबली पांड्या, राजेंद्र सोनी, अनिल जैन, कैलाश लुहाड़िया, सनत गंगवाल, गिरीश काला, रितेश पाटनी, प्रेमचंद काला, संजय पापड़ीवाल मौजूद थे।



## गणगौर माता का पूजन कर रही मातृशक्तियां

### ईशर गोरा याने भगवान शंकर और पार्वती माता से कर रही है परिवार की खुशहाली की कामना

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** आज गणगौर का महापर्व मातृशक्तियां सुबह से गणगौर माता का पूजन कर मना रही है। ईशर गोरा याने भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा की जा रही है। गणगौर माता के दोहे गाये जा रहे है, गणगौर माता को पानी पिलाया जा रहा है। प्राचीन मान्यता के मुताबिक पूजा की जा रही है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों से गणगौर को लेकर बाने निकाले गए। अलग-अलग जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। आज गणगौर का मुख्य पर्व मनाया जा रहा है। कुछ लोगों ने कल भी गणगौर का पूजन किया था। मल्टियों में आज सामूहिक गणगौर के आयोजन हो रहे है। वहीं कई समाज और व्यक्तिगत रूप से भी गणगौर के उद्यापन आज हो रहे है।



## गणगौर उद्यापन पर चल समारोह

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** श्री सकल पंच मारू प्रजापति समाज पंच समिति एवं ट्रस्ट के अधीन सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन समिति के तत्वावधान में महिला मंडल द्वारा आयोजित 43 मातृशक्तियों का सामूहिक गणगौर उद्यापन महोत्सव मनाया गया। आज सुबह विद्याधाम परिसर से चल समारोह बाबा श्री गार्डन से निकाला गया।



# नवकार कलश पूजन का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर जीतो इंदौर चैप्टर द्वारा हाल ही में शोभायात्रा एवं नवकार कलश पूजन का आयोजन किया गया। दिगंबर जैन मंदिर, कांच मंदिर, इतवारिया बाजार से प्रारंभ हुई रथयात्रा में सकल जैन समाज के श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ भाग लिया। वाहनों में नवकार कलश की यात्रा निकाली गई। शहर के प्रमुख जैन मंदिरों और धार्मिक स्थलों से होती हुई यह शोभायात्रा साकेत नगर पहुँची। नवकार कलश का पूजन भी किया गया।

# जैनत्व बाल संस्कार शिक्षण शिविर का समापन



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

जैन समाज के बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए श्री दि. जैन कुन्दकुन्द परमागम ट्रस्ट, साधना नगर द्वारा आठ दिवसीय जैनत्व बाल संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसका समापन चंदाप्रभु मांगलिक भवन में हुआ। शिक्षा प्रदान करने वाले विद्वानों का सम्मान भी किया गया। 3 छात्रों को शिविर प्रतिभा सम्मान से भी सम्मानित गया। इसके पूर्व सभी बच्चों की परीक्षायें आयोजित की गई। शिविर के दौरान लगभग 550 बच्चों को जैन धर्म के संस्कारों का रोपण किया।



# फ़ाग उत्सव में ब्राह्मण समाजजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री ब्राह्मण समाज ने कैट रोड स्थित वाटिका में फाग उत्सव और गीतों का आयोजन किया। प्रतियोगिताएं भी आयोजित कराई जिन्हें पुरस्कृत किया गया। नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। 104 वर्षीय पार्वती देवी शर्मा का सम्मान भी किया गया।




**समाजसेवियों का सम्मान-** **इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था इंदौरियन्स ने गांधी हाल में 13 चुनिंदा समाजसेवियों को इन्दौरी रत्न अवार्ड दिया। संस्था इंदौरियंस के कार्यों की डॉक्यूमेंट्री फिल्म का भी लोकार्पण किया गया।

# कमलाक्षी देवी का 108 युगलों ने किया अनुष्ठान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ब्राह्मणखेड़ी स्थित श्री आनंदधाम पर 108 युगलों ने कमलाक्षी देवी का धान्य अर्चन एवं शक्ति होम अनुष्ठान किया। अनुष्ठान 3 घंटे चला जिसमें बाहर से आए



श्रद्धालुओं ने भी शिरकत की। रोजाना नवरात्रि में मां भगवती का पूजन आराधना जारी है। राम नवमीं पर 151 जोड़ों द्वारा कुमकुम अर्चन एवं महापूजन, कन्या पूजन आदि अनुष्ठान भी होंगे।

# दशा श्रीमाल समाज का होली मिलन




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्रीमाली समाज की पूर्व अध्यक्ष किरण जिरेती ने बताया कि समाज का होली मिलन और फाग गीत उत्सव का आयोजन किया गया। फैंसी ड्रेस का आयोजन बच्चों के लिए किया गया, तम्बोला, और अन्य प्रतियोगी गेम्स खिलाने के साथ पानी बचाने एवं कपडे की थैली उपयोग करने का संदेश भी किरण जिरेती द्वारा दिया गया। किरण जिरेती, नरेन्द्र श्रीमाली, गौरव जिरेती, राजेन्द्र श्रीमाली, आशीष श्रीमाली, नीलम बबीता श्रीमाली, लता श्रीमाली, नम्रता जिरेती, अरविंद श्रीमाली, शैला श्रीमाली, सूर्यकांतजी, नंदकिशोर जिरेती, जेपी जिरेती, संजय मालवीय, बबीता कडकिया मौजूद थे।

# गणगौर पर्व पर गौरी मां की पूजा



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गणगौर पर्व अवसर पर हाईलिंक सिटी गुप्ता निवास पर पूजा का आयोजन किया। भगवान शिव और माता पार्वती रूपी गौरा मां का पूजन किया। गणगौर के गीत और दोहे गाए गए, गणगौर माता को पानी पिलाया गया। आशा गुप्ता,मंजू गुप्ता, गीता गुप्ता, सलोनी गुप्ता ,दीपाली गुप्ता, डाली गुप्ता, सुनीता गुप्ता, कीर्ति गुप्ता मौजूद थी।





# मां विंध्वासिनी के समक्ष अनुष्ठान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्कीम 114 में स्थित मां विंध्यवासिनी मंदिर पर रोजाना विशेष श्रृंगार कर भोग लगाया जा रहा है, आरती भी हो रही है, अनुष्ठान भी मां के समक्ष किया जा रहा है। शिवनारायण पाठक ने बताया कि ज्ञान यज्ञ किया जा रहा है। पुष्पबंगला दर्शन भी श्रद्धालु कर रहे है।

# 61 महिलाओं के गणगौर व्रत का उद्यापन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गोयल पारमार्थिक न्यास द्वारा समाज की 61 महिलाओं के गणगौर व्रत का उद्यापन किया गया।



उद्यापन वाली महिलाएं और इनके रिश्तेदार के अलावा बडी तादाद में समाजबंधु मौजूद रहे। कनकलता-प्रेमचंद गोयल, कृष्णा-विजय गोयल, राजेश-जयश्री मित्तल, किशोर गोयल, एसएन गोयल, प्रमोद बिंदल सहित अन्य मौजूद थे।

# गीताभवन में दुर्गा सप्तशती पाठ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** गीताभवन मंदिर में नवरात्रि के आठों दिन रोजाना दुर्गा सप्तशती पाठ का आयोजन होगा। माता मंदिर में कल घटस्थापना भी की गई। 6 अप्रैल को शतचंडी और श्रीराम महायज्ञ होगा।



# जैन संत ने सुनाई महामांगलिक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

पीपली बाजार उपाश्रय में जैन श्रीसंघ के तत्वावधान में आचार्य जिनसुंदर सुरिश्वर ने सार्थक प्रवचन जैन समाजजनों को दिए। संत ने महामांगलिक सुनाई और सभी श्रावक श्राविकाओं को मस्तक पर विशेष अभिमंत्रित वाक्सेप दिया।

# समर्थ सिटी में संत प्रवचन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुनिश्री शुध्द सागर महाराज ने श्री पारसनाथ जिनालय समर्थ सिटी में धर्मसभा को सम्बोधित किया। बड़ी तादाद में जैन समाजजन मौजूद थे। मुनिश्री शुध्द सागर एवं क्षुल्लक श्री अकम्पन सागर सुमतिधाम में होने जा रहे पट्टाचार्य महोत्सव में शामिल होने के लिए इंदौर नगर में आए है।

# माँ भवानी माता का श्रृंगार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ग्राम हरसोला में स्वयं-भू माँ भवानी माता मंदिर में रोजाना श्रद्धालु आस्था की दरकार लेकर पहुच रहे है। रोजाना पूजन, श्रृंगार और आरती का आयोजन हो रहा है। मदन परमालिया ने बताया कि रोजाना भजनों की प्रस्तुति हो रही है, मंदिर निर्माण कार्य भी चल रहा है।

# निगम ने चंद्रभागा पुलिया पर लगाई नई लोहे की डिजाइनर जालियां

## अब सैकड़ों नए प्लास्टिक के रंगबिरंगे गमले लगाकर होगा सौंदर्यकरण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



इंदौर नगर निगम द्वारा हाल ही में जूनी इन्दौर क्षेत्र में चंद्रभागा पुलिया पर स्वच्छता अभियान के तहत दोनों तरफ लोहे की मजबूत आकर्षक जालियां लगाई गई हैं। वहीं अब इस नई जालियों पर जल्द निगम द्वारा सैकडों प्लास्टिक के आकर्षक दिखने वाले छोटे गमले भी लगाए जाएंगे। जिसमें हरियाली और खूबसूरती के लिए एक से बढ़कर एक छोटे पौधें भी लगाने की प्लानिंग है। ताकि यहां से गुजरने वाले लोगों को आते - जाते स्वच्छता के साथ सुंदरता भी नजर आए। जिसको लेकर इन दिनों निगम की टीम द्वारा तेजी के साथ तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यही नहीं सफाई अभियान में गति लाकर लगातार लाखों रुपए खर्चकर कई नए काम किए जा रहें है। जिसके तहत यहां डिवाइडर के बीच आकर्षक डिजाइन वाले मटके और नाव की डिजाइन वाले भारी भरकम बड़े गमले भी लगाए गए है। जिसमें भी निगम द्वारा ग्रीनरी के लिए एक से बढ़कर बड़े पौधें लगाए जा रहे है, जो दूर से भी इस क्षेत्र की खूबसूरती में चार चांद लगा रहे है।

### जवाहर मार्ग जूनी इन्दौर क्षेत्र को आपस में जोड़ने वाली मुख्य कड़ी है पुलिया

वहीं खास बात यह है कि चंद्रभागा पुलिया जवाहर मार्ग और जूनी इन्दौर क्षेत्र को आपस में जोड़ने का भी प्रमुख मार्ग है। इस लिंक रोड़ का निर्माण कार्य भी पिछले साल ही पूरा हो गया था। इसके बाद निगम ने चंद्रभागा की बरसों पुरानी पुलिया पर सौंदर्यकरण और सजावट कार्य के लिए सबसे पहले लोगों को कचरा फेंकने से रोकने के लिए जालियां लगवाई गई। अब यहां सालों बाद दोबारा हेगिंग गार्डन बनाने का काम किया जा रहा है। जिसके तहत बेहद जल्द आने वाले दिनों में यहां आकर्षक छोटे पौधें वाले रंगीन गमले लगाकर हेडिंग गार्डन तैयार किया जाएगा, जो ग्रीनरी से इस पुलिया की खूबसुरती बढ़ाएगा।

# राऊ सर्कल से देवास नाका बायपास तक के बड़े हिस्से में हो रही सर्विस रोड़ तैयार

***लंबे समय से चल रहे काम में अब दिखने लगी तेजी:सबसे पहले जहां जगह है खाली वहां पहले हो रहा सर्विस रोड़ का नवनिर्माण***

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

राऊ सर्कल चौराहे से देवास नाका बायपास तक के बड़े हिस्से में वर्तमान में नई पुलिया के बाद अब सर्विस रोड़ भी बनकर तैयार हो रही है। जिससे आने वाले दिनों में इस व्यस्त मार्ग पर लोगों को आए दिन बायपास के शहरी क्षेत्र में लगने वाले जाम से भी बड़ी राहत मिलेंगी। जबकि अभी बायपास के राऊ सर्कल चौराहा से देवास नाका तक के करीब 20 किमी लंबे हिस्से में ट्रैफिक के जबरदस्त दबाव के कारण खासकर शाम के समय सबसे ज्यादा जाम जैसे हालात हर चौराहे और बोगदो के पास बन रहें है। वहीं अब नेशनल हाईवे अर्थाटी द्वारा दिन - रात तेजी के साथ बायपास पर जहां जगह है वहां दुगनी तेजी के साथ पहले चरण में नई लंबी चौड़ी सर्विस रोड़ बनाई जा रही है। इसके अलावा इन दिनों बायपास पर खुले ड्रेनेज के चैंबरो और नालियों को ढांकने का काम भी तेजी के साथ किया जा रहा है, ताकि रात के अंधेरे में बायपास पर खुली नालियों में वाहनों के फसने और गिरने से दुर्घटना और गंभीर हादसे न हो।

### राऊ सर्कल से देवासनाका तक के बड़े हिस्से में तेजी से चल रहा कार्य

इधर, नेशनल हाईवे अर्थाटी के सड़क प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों का कहना है कि हमारा प्रयास है कि लगातार जहां जगह खाली पड़ी है वहां हमने हमारे हिसाब से सड़क निर्माण कर बारिश से पहले बायपास के शहरी हिस्से में राऊ सर्कल चौराहा से देवासनाका तक के बड़े हिस्से में जहां पर्याप्त जगह है वहां पहले चरण में नई सर्विस रोड़ तैयार कर दी जाए ताकि बारिश में लोगों को यहां से निकलने में दिक्कत न हो, जबकि दूसरी ओर बायपास के शहरी क्षेत्र के बड़े हिस्से में लंबे समय से लाइटिंग बंद पड़ी है जिसके कारण भी यहां आए दिन दुर्घटना और हादसे होने की घटना होती रहती है। जिसे दूर करने के लिए यहां बायपास के आसपास रहने वाले लोगों ने मांग की है कि जल्द खराब लाइटिंग भी चालू की जाए ताकि रात में अंधेरे की वजह से किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। जबकि बताया जा रहा है की यहां निगम की अनदेखी से दिन में कई जगह लाइटिंग चालू रहती है। जबकि रात में अंधेरा पसरा रहता है। जिसको लेकर फिलहाल जिम्मेदारों द्वारा लंबे समय से ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# जियो लाया इस नवरात्रि में अपने कस्टमरों के लिए स्पेशल सुपरहिट प्लान

## अनलिमिटेड 5जी डेटा व कॉल के साथ नेटफ्लेक्स

***अमेजन प्राइम सब्सक्रिप्शन भी मिल रहा बिल्कुल फ्री,डेटा की अब नो टेंशन***

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

रिलायंस जियो अपने लाखों कस्टमरों के लिए इस नवरात्रि में खास स्पेशल सुपरहिट धमाकेदार पोस्ट पेड अनलिमिटेड 5जी डेटा प्लान लेकर आया है। जिसमें जियो ग्राहकों की बल्ले-बल्ले होने वाली है। दरसअल जियो के पास प्रीपेड कैटेगिरी में अलग-अलग प्राइस रेंज वाले एक से बढ़कर एक बेहतर प्लान मौजूद हैं। इसके अलावा जियो के पास कई सारे पोस्टपेड प्लान भी हैं। रियालंस टेलिकॉम कंपनी अपने ग्राहकों को उनकी अलग-अलग जरूरत के हिसाब से पोस्टपेड प्लान ऑफर करती है।

**इसी कड़ी में पेश है 749 रुपये वाला खास जियो पोस्ट पैड कस्टमर प्लान-** रिलायंस जियो के 749 रुपये वाले पोस्टपेड प्लान की वैलिडिटी पूरे एक बिल साइकल है। इस प्लान में जियो ग्राहकों को 100जीबी डेटा ऑफर किया जा रहा है। यानी ग्राहक प्लान में मिलने वाले डेटा के खत्म होने के बाद 10 रुपये प्रति जीबी के हिसाब से भी डेटा खर्च कर सकते हैं। सबसे खास बात है कि अगर आप जियो के 5जी नेटवर्क एरिया में हैं तो आप अनलिमिटेड 5ज़ी डेटा इस प्लान में उपयोग कर सकते हैं। वहीं खास बात यह है कि जियो ग्राहकों को 749 रुपये वाले इस पोस्टपेड प्लान में 3 फैमिली सिम कार्ड ऑफर किए जा रहें है। हर फैमिली सिम कार्ड के लिए अतिरिक्त 5 जीबी डेटा हर महीने मिल रहा है। वहीं बड़ी बात यह है कि जियो यूजर्स इस प्लान के साथ देशभर में अनलिमिटेड वॉइस कॉल भी कर सकते हैं यानी देशभर में किसी भी नेटवर्क पर कितनी भी कॉल करने की सुविधा है। इसके अलाव 100 एसएमएस भी हर दिन इस प्लान में अलग से मिल रहें है।

**एड ऑन फैमिली सिम कार्ड का नहीं लगेगा अलग से कोई चार्ज-** साथ ही रिलायंस जियो ग्राहकों को इस प्लान में नेटफ्लेक्स (बेसिक), एमेजॉन प्राइम लाइट, जियो टीवी, जियो सिनेमा और जियो क्लाउड का मुफ्त सब्सक्रिप्शन भी इस नवरात्रि स्पेशल प्लान में मिल रहा है। प्लान में साथ आने वाला लाइट सब्सक्रिप्शन 2 साल के लिए वैलिड है। जबकि जियो सिनेमा सब्सक्रिप्शन में ग्राहकों को प्रीमियम कॉन्टेन्ट का एक्सेस नहीं मिलता है। वहीं बड़ी बात यह भी है कि एड-ऑन फैमिली सिम कार्ड के लिए कंपनी 150 रुपये प्रति माह चार्ज वसूलती है।

# नए इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन पर ई रिक्शा-टैक्सी और टू व्हीलर भी हो रहे एक साथ चार्ज

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** शहर में जगह - जगह तैयार नवीन ई - चार्जिंग स्टेशन पर इन दिनों ई - रिक्शा, कार, टैक्सी के साथ टू व्हीलर भी आराम से कम खर्च में आसानी से चार्ज हो रही है। हालांकि इन स्लो चार्जिंग सिस्टम में चार्ज करने में सबसे ज्यादा समय फोर व्हीलर गाड़ियों को लग रहा है। इसलिए निगम जल्द शहर में चुनिंदा स्थानों पर जनता की मांग पर फास्ट चार्जिंग स्टेशन बनाने की भी तैयारियां कर रही है ताकि लोग अपनी ई कार भी आसानी से चार्ज कर सकें। इधर प्रोजेक्ट से जुड़े निगम अधिकारी अभिनव चौहान ने बताया वर्तमान में लगभग 50 ई चार्जिंग स्टेशन निर्माण कार्य प्रोजेक्ट में है। जिसमें से फिलहाल शहर में 30 से ज्यादा ई - चार्जिंग स्टेशन वर्तमान में चल रहें है और एक्टिव होकर काम भी कर रहें है। जबकि 10 से 15 नवीन ई - चार्जिंग स्टेशन बनकर तैयार हो रहें है, जो आने वाले दिनों में बेहद जल्द धीरे - धीरे चालू हो जाएंगे।

**इन जगहों पर लोग अभी अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने का लें रहें लाभ-** ई चार्जिंग स्टेशन प्रोजेक्ट से जुड़े निगम अधिकारियों के मुताबिक वर्तमान में गोकुलदास हॉस्पिटल, एसजीएसआईटीएस गोल्डन गेट के पास, स्नेहलता गंज राजकुमार ब्रिज के पास, मालवा मिल सिटी बस स्टॉप, रसोमा बस स्टॉप, आईटीआई अपंग हॉस्टल , प्राइम सिटी, पोलो ग्राउंड सीएम राइज स्कूल, पोलो ग्राउंड एमपीबी ऑफिस, किला मैदान एमआईसी जोन ऑफिस के पास, अग्रसेन नगर मेनरोड, गुरुनानक टिंबर मार्केट, स्वामीनारायण टेंपल, धार रोड़, महूनाका, मधुबन कालोनी, ओल्ड आरटीओ रोड़, सैफी नगर, रीजनल पार्क, आईटी पार्क पिपलियाहाना, जावरा कंपाउंड पर फिलहाल लोग अपनी ई-रिक्शा, टैक्सी और कार सहित अपनी टू व्हीलर तक मोबाइल से बेलेंस डाल अपनी सुविधा अनुसार चार्ज कर रहें है।जबकि नवलखा चौराहा, होलकर कालेज रोड़ और विश्राम बाग रणजीत हनुमान मंदिर के पास इलेक्ट्रिक कारों के लिए फॉस्ट चार्जिंग स्टेशन का निर्माण कार्य भी बेहद जल्द शुरू होगा। जहां सिर्फ कारों को चार्ज किया जाएगा। अफसरों का कहना है कि इसके अलावा और नए ई चार्जिंग स्टेशन निर्माण के लिए निगम जगह तलाश कर रहा है साथ ही हाथों-हाथ स्टेशन निर्माण कार्य भी तेजी के साथ चल रहा है।



# सडक निर्माण कार्य छह माह से रुका हुआ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ऊषागंज छावनी गली नंबर 2, 3, 7, 8 ओसवाल एजेंसी के सामने की मुख्य सड़क निर्माण कार्य विगत 6 महीने से रुका है। अधूरे काम रुके पडे है जिससे लोग गिर रहे है और निगम, झोन और मुख्यालय पर शिकायतें भी हो रही है। जनप्रतिनिधियों को भी जनता ने शिकायत कर जाग्रत किया लेकिन कोई जनप्रतिनिधि सुनवाई नहीं कर रहा है। रहवासियों ने कहा कि आज से नया वित्तीय वर्ष शुरू हो रहा है। सांसद, विधायक, पार्षद इस मामले में संज्ञान ले और जनता ने वोट दिए उस पर अधिकारियों को तलब कर पूछा जाए कि रोड का कार्य क्यों रुका है?

## संपादकीय

# हादसों से नहीं ली जा रही सीख, पटरी से लगातार उतर रही ट्रेन

जितने दावे नई और तमाम सुविधाओं से लैस आधुनिक ट्रेनें चलाने के किए जाते हैं, उतना ही ध्यान अगर ट्रेनों के संचालन, बुनियादी ढांचे के विकास और उसके मजबूत करने पर दिए जाएं, तो शायद हादसों को कुछ लगाम दिया जा पाता। किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि आगे ऐसे इंतजाम किए जाएं ताकि वैसी घटना दोबारा न हो। मगर विडंबना है कि लगभग एक ही प्रकृति के हादसों का सिलसिला बना रहता है। सरकार की ओर से आगे सब ठीक करने के आश्वासन से ज्यादा कुछ भी ठोस सामने नहीं आता। पिछले कुछ वर्षों से देश भर में रेल हादसों की जैसी खबरें आ रही हैं, उससे यही लगता है कि रेल सुरक्षा को अपने हाल पर छोड़ दिया गया है और कभी भी किसी दुर्घटना की खबर आ सकती है। सवाल है कि अगर देश के अलग-अलग हिस्सों में आए दिन रेलगाड़ियां हादसों का शिकार हो रही हैं, तो उसके लिए किसकी जवाबदेही बनती है और उसमें सुधार के लिए ठोस उपाय करने की जिम्मेदारी किसके कंधे पर है। गौरतलब है कि ओड़ीशा के कटक जिले के निर्गुड़ी में रविवार को बंगलुरु-कामाख्या एसी एक्सप्रेस के ग्यारह डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य कई लोग घायल हो गए। हो सकता है कि कटक में हुई दुर्घटना में जानमाल का ज्यादा नुकसान न होना राहत की बात मानी जाए, लेकिन ग्यारह डिब्बों का पटरी से उतरना एक गंभीर घटना ही है। सच यह है कि एक छोटी चूक या लापरवाही की वजह से बहुत सारे लोगों की जान पर बन आती है और इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें ट्रेन हादसे में बड़ी संख्या में लोगों की जान चली गई। ऐसे हर हादसे के बाद सरकार की ओर से जांच और कार्रवाई करने की बात कही जाती है, लेकिन सवाल है कि चलती ट्रेन के पटरियों से उतरने और उससे उपजे जोखिम से यात्रियों को कब मुक्ति मिलेगी। लोग कब इस आशंका से पूरी तरह मुक्त होकर किसी ट्रेन से सफर करेंगे कि वह हादसे का शिकार न हो और वे सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच जाएं? अक्सर ऐसी खबरें सुर्खियों में होती हैं, जिनमें बताया जाता है कि रेलवे विभाग जल्दी ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की सेवा मुहैया कराने वाला है। इस तरह के सरकारी दावों के बरक्स हकीकत यह है कि आए दिन किसी ट्रेन के पटरी से उतर जाने की खबर आती है, तो कभी किसी अन्य हादसे की। अगर दुर्घटना को लेकर लोगों के भीतर किसी तरह का केवल डर भी बैठता है, तो इसका कारण लगातार होने वाले रेल हादसे ही होते हैं। जितने दावे नई और तमाम सुविधाओं से लैस आधुनिक ट्रेनें चलाने के किए जाते हैं, उतना ही ध्यान अगर ट्रेनों के संचालन, बुनियादी ढांचे के विकास और उसके मजबूत करने पर दिए जाएं, तो शायद हादसों को कुछ लगाम दिया जा पाता। विचित्र है कि ट्रेनों की रफ्तार और उनके बोझ में तो लगातार इजाफा हो रहा है, मगर उसी मुताबिक पटरियों की गुणवत्ता और व्यवस्थागत पहलू को भी बेहतर करना जरूरी नहीं समझा जाता। सवाल है कि सिर्फ इस मामले में बरती जाने वाली उपेक्षा की वजह से अगर कोई रेलगाड़ी पटरी से उतर जाती है और हादसा हो जाता है, तो क्या सिर्फ जांच और कार्रवाई के आश्वासन के जरिए इस समस्या से पार पाया जा सकता है? आधुनिक शक्ल और महंगे किराए वाली ट्रेनें चलाने के बीच आए दिन छोटे-बड़े हादसे सामने आ रहे हैं और दूसरी ओर, भारतीय रेल महकमे में बड़ी तादाद में रिक्तियां पड़ी हुई हैं।

# डस्टबिन तोड़ा, घर में घुसा और कर दी महिला की पिटाई

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** बाणगंगा थाना क्षेत्र के गंगाविहार कालोनी में एक व्यक्ति महिला के घर में तोड़फोड़ कर अंदर घुसा और उसके साथ जबरन मारपीट की।

बाणगंगा पुलिस ने बताया कि गंगा विहार कालोनी में रहने वाली सपना चौहान ने शिकायत दर्ज कराई कि मेरे पड़ोस में अनुराग की दुकान है, जहां पर हर्ष पिता दिनेश मालवीय सिगरेट उधार लेने आया तो अनुराग ने उधार सिगरेट देने से मना किया तो हर्ष ने अनुराग से विवाद कर चिल्लाचोट की तो मैं बाहर आई और देखा तो हर्ष मेरे घर के बाहर रखा डस्टबीन में तोड़फोड़ कर रहा है तो मैंने उसे कहा कि तू तोड़फोड़ क्यों कर रहा है तो वह गालियां देने लगा और मेरी तरफ दौड़ा तो मैं अपने घर में आ गई और गेट बंद कर दिया तो हर्ष ने गेट को धक्का दिया और अंदर घुस गया और झाड़ू, डंडे से मारपीट की जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## मोबाइल की किश्त को लेकर कूटा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** भंवरकुआं पुलिस ने बताया कि जीतनगर में रहने वाले शिवम पिता रघुनाथ इशकुटे ने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने दोस्त अमन, रवि और गोलू के साथ छोटा बिलावली तालाब गया था, वहां रवि ने मुझसे कहा तूने जो मेरे नाम पर मोबाइल लिया था उसकी किश्त क्यों नहीं भर रहा है तो मैंने उससे कहा कि जब तूने मुझसे मोबाइल ले लिया तो मैं किश्त क्यों भरूं, इसी बात को लेकर रवि चौहान, अमन और गोलू उर्फ माइकल ने विवाद किया और गालीगलौच कर डंडे से मारपीट की जिससे वह घायल हो गया। तीनों ने धमकी दी कि किश्त नहीं भरी तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## मोबाइल पर दी जान से मारने की धमकी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** एरोड्रम पुलिस ने बताया कि विजयश्री नगर मेन रोड पर रहने वाले कमलेश पिता जगदीश त्रिपाठी ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके मोबाइल पर अन्य मोबाइल से फोन आ रहे है और वह अश्लील गालियां देकर उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। फरियादी ने बताया कि जिस नंबर से फोन आ रहे है वह यश सोनी के नाम से आ रहा है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर यश सोनी अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## अलग रह रही पत्नी गाड़ी पर नहीं बैठी तो किया विवाद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** बाणगंगा पुलिस ने बताया कि नंदबाग कालोनी में रहने वाली मुस्कान माहेश्वरी ने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने पति अंकित माहेश्वरी से तीन माह से अलग रह रही हूं और नरवल में काम करने जाती हूं। 28 मार्च को पति अंकित ने उसका रास्ता रोका और बोला कि मेरी गाड़ी में बैठ जा तो मैंने उसे मना किया तो उसने विवाद कर गालीगलौच की। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## अधेड़ महिला से मारपीट

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** तुकोगंज पुलिस ने बताया कि अमरटेकरी में रहने वाली शकुन ताराचंद्र निर्मल (57) ने शिकायत दर्ज कराई कि देवेंद्र पिता सीताराम अकोदिया, सीताराम पिता ग्यारसीलाल अकोदिया, संगीता धन्ना अकोदिया व अन्य सभी निवासी लाला का बगीचा ने उसके साथ बेवजह विवाद करते हुए गालीगलौच की और मारपीट की जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## जेसीबी की टक्कर से युवक घायल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** एरोड्रम पुलिस ने बताया कि आरएपीटीसी दूसरी पल्टन में रहने वाले विष्णु शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई कि विवेकानंद गार्डन के पास से जेसीबी एमपी 39 एच 3560 के चालक ने राकेश मांझी को टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर जेसीबी वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

# कार चालक ने पहले पत्थर से किया हमला फिर की मारपीट

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** लसूड़िया पुलिस ने बताया कि स्कीम नंबर 78 अरण्य नगर में रहने वाले रजतसिंह पिता विकाससिंह भदौरिया ने शिकायत दर्ज कराई कि वह राजाराम ढाबे के सामने एबी रोड से जा रहा था तभी गाड़ी निकालने की बात को लेकर कार एमपी 09 डब्ल्यूएम 3319 के चालक ने रोड पर से पत्थर उठाकर मारा जो मेरे पिताजी के सिर पर लग जिससे वह घायल हो गए। जब मैंने व मेरे भाई ने बीचबचाव किया तो कार में बैठे योगेश व अन्य ने हम सबके साथ मारपीट की जिससे मेरे कजिन भाई उज्जवल भी घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर कार चालक योगेश व अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## नमाज पढ़ने जाना महंगा पड़ा...

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** छोटी ग्वालटोली पुलिस ने बताया कि दौलतगंज हाथीपाला में रहने वाले आमिर खान ने शिकायत दर्ज कराई कि वह एक्टिवा एमपी 09 एसयू 1540 से छोटी ग्वालटोली के पास सुलभ काम्पलेक्स गया और गाड़ी में लाक लगाकर खड़ी कर ईदगाह मस्जिद में नमाज पढ़ने गया और जब नमाज पढ़कर वापस लौटा तो एक्टिवा रखे स्थान पर नहीं थी, जिसे अज्ञात चोर चुरा कर ले गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

## तुअर में मांग

**इंदौर (व्यापार प्रतिनिधि)। छावनी नीलामी मंडी में भाव इस प्रकार रहे - छावनी व्यापारिक मंडी (प्रति क्विंटल) -** चना कांटा 5800 - 5850 विशाल चना 5700 - 5750 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग (गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द (गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए। **तिलहन - (प्रति क्विंटल)-** सोयाबीन 4100 - 4125 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए। **दाल भाव (प्रति क्विंटल) -** तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**तेल बाजार (प्रति 10 किलो) -** मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुंबई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए। **मावा -** 320 रुपए किलो। **इंदौर सराफा बाजार - सोना** 10 ग्राम 89800 रुपए। **चांदी** 100000 रुपए किलो। **चांदी सिक्का** 1100 रुपये प्रति नग। **सोना** 3025 डॉलर प्रति औंस।

# तीन महिलाएं हुई दहेज प्रताड़ना का शिकार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** महिला थाना में तीन महिलाओं ने आकर शिकायत दर्ज कराई कि उनके ससुराल वाले उन्हें दहेज नहीं लाने को लेकर शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना देते है।

पहला मामला शिवशक्ति नगर बंगाली चौराहा का है, जहां रहने वाली ऐश्वर्य जैन ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी शादी मंदसौर में रहने वाले रचित जैन से हुई थी। शादी के बाद से ही मायके से दहेज नहीं लाने की बात को लेकर पति रचिन, ससुराल पक्ष की इंद्रा जैन निवासी मंदसौर व उन्नति जैन निवासी दिल्ली उसे शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना देकर मारपीट करते है। वहीं दूसरा मामला बर्फानीधाम के पास रहने वाली मनीषा मुन्जरे ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी शादी सागर मुन्जरे से हुई थी। शादी के बाद से ही पति सागर व ससुराल पक्ष के शुभम, सूरज, राजकुमारी, हीराबाई उसे दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना देते है। तीसरा मामला छोटा बांगड़दा का है, जहां रहने वाली लक्ष्मी चौहान ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका पति हर्ष चौहान, शुभांगी चौहान उसे दहेज नहीं लाने को लेकर दबाव बनाकर उसके साथ मारपीट करते है। महिला थाना पुलिस ने फरियादियों की शिकायत पर तीनों ससुरालपक्षों के खिलाफ दहेज एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## बैग से हजारों की शराब जब्त

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** तिलकनगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बैग में शराब ले जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने स्कीम नंबर 140 खाली मैदान पर संजयसिंह पिता कृष्णासिंह निवासी वैंकेटेश विहार छोटा बांगड़दा को रोका और उसके पास रखा काले रंग का बैग खोला तो उसके अंदर कार्टून के अंदर अवैध शराब रखी हुई थी। पुलिस ने आरोपी से शराब जब्त की जिसकी कीमत करीबन 5 हजार रु. बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# मेडिकल योग थेरेपिस्ट कोर्स शुरू



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** 6 माह के सर्टिफाइड मेडिकल योग थेरेपिस्ट कोर्स का शुभारंभ धार रोड स्थित अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। डॉ. एके पंचोलिया, डॉ विनीता कोठरी, डॉ संदीप जुल्का, डॉ विजय निचानी, डॉ अनिल गर्ग, डॉ निकिता रावल, डॉ रचना वर्मा सेवाएं देंगे। डॉ बी के बांद्रे,चंद्रशेखर आजाद, डॉ अखिलेश भार्गव, डॉ निशा जोशी, डॉ अंतिम जैन,डॉ आर के बाजपेई, डॉ निर्मल महाजन।स्वागत भाषण दिया श्री अश्विनी वर्मा का स्वागत मधुसूदन सोमानी, भारती शर्मा, डॉ आलोक द्विवेदी, मनोज वर्मा ने किया। योग प्रदर्शन स्कूल विद्यार्थियों ने किया। उक्त जानकारी डॉ. संजय लोंढे ने दी।

# चिंतामणि हनुमानजी की जयकारों के साथ निकलेगी शोभायात्रा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** रोबोट चौराहा स्थित श्री चिंतामणि हनुमान मंदिर से हनुमानजी के जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व 11 अप्रैल को शाम 5 बजे मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर बैठक के दौर चल रहे है। भजन मंडलियां और कलाकार यात्रा में प्रस्तुति देंगे। हनुमानजी को पालकी में विराजित किया जाएगा। शैलेन्द्र जोशी ने बताया कि 28 वर्षों से आयोजन हो रहा है। 6 अप्रैल को राम नवमी पूजन और श्रीफल का यज्ञ भी होगा। 12 अप्रैल को हनुमानजी का अभिषेक, पूजन, श्रृंगार, अखंड रामायाण पाठ होगा और 17 अप्रैल को भंडारा आयोजित होगा। 11 अप्रैल को शोभायात्रा निकलेगी।





# गणगौर माता के पूजन किए गए

**इंदौर।** आज गणगौर पर्व पर मातृशक्तियां ज्यादातर मोहल्लों और मल्टियों में गणगौर माता का पूजन कर परिवार के लिए खुशहाली की कामना कर रही है। भगवान शंकर और माता पार्वती से विशेष आशीर्वाद पूजा कर मांगा जा रहा है। आज राजमोहल्ला बगीचा और छत्रीबाग में



मातृशक्तियों इशर गोरा की पूजा आराधना कर गणगौर का पर्व गणगौर माता की पूजन के रूप में किया। वहीं नगीन नगर में भी गणगौर पूजन कर चल समारोह भी निकाला गया। आज जगह-जगह गणगौर के उद्यापन हो रहे हैं। चल समारोह भी निकाले जा रहे हैं।

## सम्पदा 1.0 सॉफ्टवेयर की क्रेडिट लिमिट लेप्स नहीं होगी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** राज्य शासन के महानिरीक्षक पंजीयन के निर्देशानुसार स्पष्ट किया गया है कि सम्पदा 1.0 में ई-पंजीयन सेवा प्रदाताओं के खाते में दिनांक 31 मार्च 2025 को शेष बची हुई क्रेडिट लिमिट के उपयोग की बाद में व्यवस्था रहेगी। शेष बची हुई क्रेडिट लिमिट दिनांक 31 मार्च 2025 के बाद लेप्स नहीं होगी। क्रेडिट लिमिट के लेप्स होने की कोई रिस्क नहीं है। सभी सेवा प्रदाता एवं स्टांप वेंडर से आग्रह किया गया है कि आवश्यकतानुसार क्रेडिट लिमिट बनवाए।

## 8 वाहनों से मौके पर ही जमा कराया दो लाख का मोटरयान कर

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों, बसों, स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। आरटीओ के अमले द्वारा आज इंदौर- पीथमपुर इंडोरामा रूट की बसों की सघन चेकिंग की गई। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों के साथ ही,स्कूल वाहनों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर 16 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया गया । साथ ही बिना फिटनेस के संचालित एक यात्री बस, एक ट्रक को जब्त किया । इस दौरान वाहनों से 7 लाख 50 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। मोके पर ही 08 वाहनों से दो लाख से अधिक का मोटरयान कर भरवाया गया। अभियान के तहत वाहनों के फ़िटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये जा रहे है। बसों में ओवरलोडिंग ,अधिक किराया की भी जांच की जा रही है।

## जनसुनवाई के साथ होगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कलेक्टर कार्यालय में आज एक अप्रैल मंगलवार को जन सुनवाई के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया जा रहा है। जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों और अन्य नागरिकों का अत्याधुनिक मशीन के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। उन्हें मौके पर ही स्वास्थ्य परीक्षण के परिणाम से अवगत कराया जायेगा।

## कंटेनर ने तीन बिजली के खंबों को किया क्षतिग्रस्त

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** हातोद पुलिस ने बताया कि वीणा नगर इंदौर में रहने वाले राजेश पिता विठ्ठलराय ने शिकायत दर्ज कराई कि हनुमान मंदिर के सामने अलवासा रोड पालिया में कंटेनर एचआर 38 एस 0641 के चालक ने वाहन को तेज गति से चलाकर लाया और बिजली के तीन खंबों में जा घूंसा जिससे बिजली के खंबे क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर कंटेनर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

# उल्टा-सीधा बोलने को लेकर किया घायल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** चंदननगर पुलिस ने बताया कि राणा कालोनी में रहने वाले अशोक पिता सीताराम ने शिकायत दर्ज कराई कि पड़ोस में रहने वाली दीपा हमारे घर के बाहर आकर मेरा नाम लेकर चिल्लाचौट कर रही थी तो मैंने कहा कि तुम हमारे घर के बाहर चिल्लाचोट क्यों कर रही है तो दीपा बोली की तुम लोग मेरे बारे में दूसरो को उल्टा-सीधा बोलते हो तो मैंने कहा कि हम क्यों तुम्हारे बारे में बोलेंगे, इतने में दीपा का पति गुलाबसिंह उर्फ मुन्ना आया और गालीगलौच करने लगा और ईंट मेरे सिर पर दे मारी जिससे वह घायल हो गया। तब मेरी पत्नी पिंकी बीचबचाव करने आई तो गुलाबसिंह ने धमकी दी कि आइंदा हमारे बारे में उल्टा-सीधा बोला तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर गुलाबसिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## अवैध कॉलोनी के कार्यालय सील

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** ग्राम धन्नड़ स्थित एक अवैध कॉलोनी के कार्यालय को सील किया गया। एसडीएम राऊ गोपाल सिंह वर्मा ने बताया कि ग्राम धन्नड़ के खसरा नम्बर 1061, 1058/5 पर अवैध निर्माण की शिकायत मिलने पर जाँच की गयी थी। बताया गया कि खसरा नम्बर 1061 अरुण पिता परमानंद सिसोदिया तथा खसरा नम्बर 1058/5 ईश्वर पिता बद्रीलाल के नाम से है और रेकार्ड में कृषि भूमि के रूप में दर्ज है। खसरा नम्बर 1061 पर पक्की सड़क और 70 निर्माणाधीन मकान सहित अन्य विकास संरचना पायी गयी। खसरा नम्बर 1058/5 रिक्त पाया गया। मौके से ही अरुण सिसोदिया को फोन कर उपस्थित होने के निर्देश दिये गये। असमर्थता बताने पर उसे समस्त दस्तावेजों के साथ एक अप्रैल को एसडीएम के समक्ष उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया।

# जैसे-जैसे केकेआर के विकेट गिरते गए, सुहाना का चेहरा भी मुरझाता रहा

**मुंबई।** आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स की बैटिंग मुंबई इंडियंस के खिलाफ फेल रही। पहले ही ओवर में सुनील नरेन को ट्रेंट बोल्ट ने बोल्ड किया। दूसरे ओवर में क्विंटन डिकॉक आउट हो गए। इसके बाद विकेट गिरने का सिलसिला चलता रहा। 50 रनों के अंदर ही केकेआर के 5 बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे। इस मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स को सपोर्ट करने उनके मालिक शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान भी पहुंची थी।



कोलकाता नाइटराइडर्स के बल्लेबाजों के पास मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों का जवाब नहीं था। टीम का कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाए। 116 रनों पर टीम की पारी 17वें ओवर में ही सिमट गई।

सुहाना खान अपनी टीम को सपोर्ट करने के लिए वानखेड़े स्टेडियम पहुंची। लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाजों का प्रदर्शन देखकर उनका चेहरा उतरा गया।

कोलकाता नाइटराइडर्स के ज्यादातर बल्लेबाजों ने अपना विकेट फेंक दिया। विकेट गिरने के बीच भी वह बड़ा शॉट खेलने की कोशिश करते जा रहे थे। अपनी टीम की बैटिंग देखकर सुहाना ने हाथ से अपना चेहरा ढंक लिया।

डिफेंडिंग चैंपियंस केकेआर की पारी मुंबई के खिलाफ सिर्फ 116 रनों पर सिमट गई। अंगक्रिश रघुवंशी ने कोलकाता के लिए सबसे ज्यादा 26 रनों की पारी खेली। उनके अलावा चार बल्लेबाजों ने दहाई का आंकड़ा पार किया लेकिन कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल पाया।

मुंबई इंडियंस ने 6 गेंदबाजों को आजमाया और सभी को सफलता मिली। डेब्यू कर रहे अश्वनी कुमार सबसे सफल रहे। 3 ओवर में 24 रन देकर उन्होंने 4 विकेट झटके।

# लखनऊ टीम में होगा बदलाव, मार्कराम की जगह खेल सकता है यह तेज गेंदबाज

## पंजाब के खिलाफ मुकाबला आज

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 13वें मुकाबले में आज लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना पंजाब किंग्स से होगा। यह मैच लखनऊ के होम ग्राउंड भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। लखनऊ ने अब तक 2 मैच खेले हैं और 1 में जीत दर्ज की है।

अपने पिछले मैच में ऋषभ पंत की कप्?तानी वाली टीम ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराया था। वहीं 18वें सीजन में अब तक 1 मैच खेलने वाली पंजाब ने गुजरात टाइटंस को 11 रन से मात दी थी। ऐसे में अब श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत की कोशिश जीत की पटरी पर बने रहने पर होगी।

18वें सीजन के पहले घरेलू मैच के लिए लखनऊ प्लेइंग इलेवन में एक बदलाव कर सकती है। दक्षिण अफ्रीका के टी20 कप्तान एडेन मार्करम की जगह वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ आज खेल सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में पहुंचाने वाले मार्करम ने पिछले दो मैचों में लखनऊ स्थित फ्रेंचाइजी के लिए ओपनिंग की, लेकिन वह केवल 15 और 1 रन ही बना पाए। संभावना है कि वह विदेशी तेज गेंदबाज के लिए जगह बना सकते हैं।

अगर लखनऊ मैनेजमेंट मार्करम को बाहर करता है, तो कप्तान पंत पारी की शुरुआत कर सकते हैं। पंत ने पहले भी टी20 में भारत के लिए ओपनिंग की है। वह आईपीएल में भी ओपनर के तौर पर धमाल मचा सकते हैं। अंडर-19 के दिनों में भी पंत ओपनर के तौर पर खेलते थे। जोसेफ के शामिल होने से लखनऊ के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी। टीम में शार्दुल ठाकुर, आवेश खान और प्रिंस यादव जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। दिल्ली के तेज गेंदबाज मयंक यादव को लखनऊ ने रिटेन किया था। वह अभी टीम से नहीं जुड़े हैं। वहीं पंजाब किंग्स प्लेइंग 11 से कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकती है।

# एमआई से मिली शर्मनाक हार, कप्तान रहाणे ने इन्हें बताया गुनाहगार

**मुंबई।** सोमवार को खेले गए आईपीएल 2025 के 12वें मैच में मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज की। केकेआर हार के बाद अंक तालिका में सबसे नीचे पायदान पर लुढ़क गई। इस मैच के हीरो अश्विनी कुमार ने 3 ओवरों 24 रन देकर 4 विकेट हासिल किए, इसमें कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे (11) का भी विकेट शामिल रहा।

ट्रेंट बोल्ट ने पहले ही ओवर में सुनील नरेन (0) को शानदार यॉर्कर गेंद पर बोल्ड किया, इसके बाद दूसरे ओवर की पहली ही गेंद पर दीपक चाहर ने क्विंटन डिकॉक (1) को चलता किया। केकेआर ने पॉवरप्ले में 4 विकेट गवां दिए थे। खराब शुरुआत के बाद मिडिल आर्डर में भी कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। पूरी टीम 16.2 ओवरों में 116 रनों पर ऑल आउट हो गई। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने फ्लॉप बल्लेबाजी को इस हार का कारण बताते हुए कहा कि हमारी टीम को तेजी से सीखना होगा।



अजिंक्य रहाणे ने मैच के बाद कहा, सामूहिक बल्लेबाज़ी विफलता, यह बल्लेबाजी के लिए एक अच्छा विकेट था। वानखेड़े की इस पिच पर 180-190 का स्कोर अच्छा होता। हमें उम्मीद थी कि इसमें अच्छा उछाल है। जब आप बाउंस के खिलाफ लड़ रहे होते हैं, तो हमने यही किया, आपको कभी-कभी इसका इस्तेमाल करना पड़ता है। वास्तव में हमारी टीम को बहुत तेज़ी से सीखना होगा। हमारे गेंदबाज़ सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे थे, लेकिन हमारा स्कोर ज्यादा नहीं था। हम लगातार विकेट खोते रहे। पावरप्ले में 4 खोने के बाद आगे बल्लेबाजों के लिए टिकना मुश्किल हो गया था। ऐसी स्थिति में आपको एक बल्लेबाज़ की ज़रूरत होती है जो अंत तक बल्लेबाजी करे और टिके रहे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

## अंक तालिका में 10वें नंबर पर पहुंची केकेआर

*कोलकाता नाइट राइडर्स मुंबई इंडियंस से हारने के बाद अंक तालिका में 10वें स्थान पर आ गई है। उसने 3 में से 2 मैच हारे हैं, हालांकि ऐसा ही टूनमेंट की 5 टीमों के साथ है लेकिन उनमें से केकेआर का नेट रन रेट (-1.428) सबसे खराब है। मुंबई इंडियंस की ये पहली जीत थी, वह तालिका में छठे नंबर पर आ गई है। उसने भी 3 में से 2 मैच जीते हैं लेकिन केकेआर पर बड़ी जीत दर्ज करने के बाद उसका नेट रन रेट (+0.309) काफी अच्छा हो गया है।*

# मुंबई की जीत

# अश्विनी, रिकल्टन चमके

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 8 विकेट से हराकर आईपीएल 2025 में अपनी पहली जीत दर्ज की है। एमआई ने अपने घरेलू मैदान पर यह जीत दर्ज की है। केकेआर की टीम पहले खेलते हुए 116 रनों पर ढेर हो गई थी, जवाब में मुंबई ने 13वें ओवर में ही एकतरफा अंदाज में लक्ष्य को हासिल कर लिया है। आइए जानते हैं उन 3 कारणों से जिनसे मुंबई आईपीएल 2025 में अपनी पहली जीत दर्ज कर पाई।

### गेंदबाजी-बल्लेबाजी यूनिट ने मिलकर काम किया

मुंबई इंडियंस की टीम अभी तक बढ़िया तालमेल के साथ नहीं खेल पा रही थी। उदाहरण के तौर पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच को लें तो स्लो पिच पर एमआई के गेंदबाजों ने 196 रन लुटा दिए थे। जब बड़े लक्ष्य को हासिल करने की बारी आई तो मुंबई का पूरा बैटिंग लाइन-अप दबाव में ढह गया था। मगर केकेआर के खिलाफ मैच में मुंबई के सभी गेंदबाजों ने कम से कम एक विकेट जरूर लिया। वहीं बैटिंग में रोहित शर्मा फिर से फ्लॉप रहे, लेकिन अन्य बल्लेबाजों ने बॉलिंग यूनिट की मेहनत को खराब नहीं जाने दिया।

### खराब शुरुआत की समस्या से निजात

अभी तक मुंबई इंडियंस के लिए पारी की खराब



शुरुआत बड़ी समस्या बनी रही थी। सीएसके और गुजरात के खिलाफ मैच में रोहित शर्मा और रायन रिकल्टन सस्ते में आउट हो गए थे। रोहित शर्मा इस बार भी महज 13 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन केकेआर के खिलाफ रायन रिकल्टन का बल्ला खूब बरसा। रोहित चाहे सस्ते में आउट हो गए, लेकिन उन्होंने रिकल्टन के साथ मिलकर 46 रनों की सलामी साझेदारी की थी।

### चार तेज गेंदबाजों की रणनीति काम आई

मुंबई के खिलाफ मैच में गुजरात ने 4 तेज गेंदबाजों की रणनीति का इस्तेमाल कर घरेलू कंडीशंस का खूब फायदा उठाया था। अब मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े स्टेडियम में 4 फास्ट बॉलर्स की उसी स्ट्रेटजी पर काम किया, जो कारगर भी रही। कोलकाता मैच में ऑलआउट हो गई थी, एमआई के लिए 10 में से 8 विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए।

## संजू ने अचानक छोड़ा टीम का साथ, पहुंचे बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**नई दिल्ली।** संजू सैमसन अंगूठे में चोट की वजह से पिछले तीन मैच से इंपैक्ट प्लेयर के रूप में खेल रहे हैं। वह इस दौरान न टीम की कप्तानी कर रहे हैं, न ही विकेटकीपिंग। अब वह सोमवार को विकेटकीपिंग करने की अनुमति लेने के लिए बेंगलुरू में स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे हैं।

सैमसन का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्पोर्ट साइंस विंग में टेस्ट होगा। इसके बाद अगर उन्हें अनुमति मिलेगी तो वह कप्तान के तौर पर टीम में वापसी करेंगे। साथ ही विकेटकीपर की भूमिका भी निभाएंगे। सैमसन की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी रियान पराग कर रहे हैं। उनकी कप्तानी में टीम ने तीन मुकाबले खेले हैं। जिसमें से टीम को सिर्फ एक मैच में जीत मिली है। राजस्थान अपने शुरुआती दो मैच सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स से हारी थी। इसके बाद रविवार को उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर इस सीजन में जीत का खाता खोला है।

## जो रोहित को पसंद नहीं वहीं कप्तान पंड्या ने उनसे करवाया

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हैरानी तो तब हुई जब हार्दिक ने रोहित शर्मा को प्लेइंग 11 से बाहर किया और वह इंपैक्ट प्लेयर के रुप में टीम में शामिल हुए। एक समय था जब रोहित शर्मा इसका सपोर्ट नहीं करते थे लेकिन अब रोहित ही इसे अपना चुके हैं। हालांकि, ये सपोर्ट करना या करना अपने मन में है। लेकिन बीसीसीई का यह नियम सभी के लिए एक है।

रोहित शर्मा ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था वह इंपैक्ट प्लेयर नियम के फैन नहीं है। रोहित ने कहा था, मैं इंपैक्ट प्लेयर नियम का बहुत बड़ा फैन नहीं हूं। सच कहूं तो क्रिकेट के एस्पेक्ट के अनुसार देखें तो मैं आपको कई उदाहरण दे सकता हूं। जैसे शिवम दुबे और वॉशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ी गेंदबाजी नहीं कर पा रहे हैं। जो हमारे लिए अच्छी बात नहीं है। 12 खिलाड़ी होते हैं ये थोड़ा



मनोरंजन होता है। इससे हमें अधिक ऑप्शन मिलते हैं।

### क्या होता है इंपैक्ट प्लेयर नियम?

इस नियम के मुताबिक, दोनों टीमों को टॉस के समय 11 खिलाड़ियों के अलावा 5 अतिरिक्त खिलाड़ियों के नाम बताने होते। नए नियम के मुताबिक, दोनों टीमों को टॉस के समय 11 खिलाड़ियों के अलावा 4 अतिरिक्त खिलाड़ियों के नाम बताने होंगे। 5 अतिरिक्त खिलाड़ियों में से किसी एक का उपयोग इंपैक्ट प्लेयर के रूप में किया जाएगा। इंपैक्ट प्लेयर रुल का इस्तेमाल पहली बार 2023 में हुआ था।

## ये है टॉप के पांच गेंदबाज, जिन्होंने पहले ही ओवर में लिए है विकेट

**मुंबई।** आईपीएल 2025 के 12वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स यानी कि केकेआर की टीम से हो रहा है। इस मुकाबले में पहले ही ओवर में ट्रेंट बोल्ट ने सुनील नरेन को बोल्ड मारकर मुंबई को कमाल की शुरुआत दी। बोल्ट आईपीएल इतिहास में पहले ओवर में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस लिस्ट में शामिल बाकी के 4 गेंदबाज कौन से हैं।



**ट्रेंट बोल्ट टॉप पर-** आईपीएल के पहले ओवर में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की में ट्रेंट बोल्ट टॉप पर हैं। बोल्ट ने 96 मैचों में 30 विकेट के साथ टॉप किया है। यानी आईपीएल में 30 मौके ऐसे आए हैं जब बोल्ट ने पहले ही ओवर में अपनी टीम को विकेट दिलाया है।

**भुवी दूसरे नंबर पर-** ट्रेंट बोल्ट के बाद दूसरे नंबर पर भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार हैं। भुवी इस सीजन आरसीबी की टीम के लिए खेल रहे हैं। भुवनेश्वर कुमार 126 मैचों में 27 विकेट लेकर दूसरे नंबर पर हैं। इससे पहले भुवी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम के लिए खेल रहे थे।

**तीसरे नंबर पर प्रवीण कुमार-** इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार का नाम है। प्रवीण कुमार भी अपने समय के सबसे बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक माने जाते थे। खासकर पहले ओवर में विकेट लेना उनकी खासियत थी। प्रविण ने 89 मैचों में 15 बार पहले ही ओवर में विकेट हासिल किए हैं।

**अगला नाम संदीप शर्मा का-** इस लिस्ट में अगला नाम संदीप शर्मा का है। संदीप शर्मा इस सीजन राजस्थान रॉयल्स की टीम के लिए खेल रहे हैं।

## अंक तालिका में मुंबई इंडियंस ने लगाई लंबी छलांग, कोलकाता का हुआ बुरा हाल

**मुंबई ।** आईपीएल 2025 में सोमवार को मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 8 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर टीम 116 रनों पर ढेर हो गई थी। आईपीएल डेब्यू मैच खेल रहे मुंबई के गेंदबाज अश्विनी कुमार ने 4 विकेट चटकाए, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस ने 13वें ओवर में जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने नाबाद 62 रन बनाए। 8 विकेट से बड़ी जीत दर्ज करने के बाद मुंबई इंडियंस का नेट रन रेट काफी बेहतर हो गया है। वह अंक तालिका में ऊपर आ गई है जबकि इस हार के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स सबसे अंतिम पायदान पर लुढ़क गई है।

मुंबई इंडियंस की ये आईपीएल 2025 में पहली जीत है, उसने शुरूआती दोनों मैच हारे थे। जबकि केकेआर ने पहला मैच हारने के बाद दूसरे मैच में जीत दर्ज की थी। ये उसका भी तीसरा मैच था और दूसरी हार। दोनों टीमों की स्थिति एक जैसी है लेकिन 43 गेंदे रहते 8 विकेट से बड़ी जीत दर्ज करने के बाद मुंबई इंडियंस का नेट रन रेट काफी बेहतर हो गया है।

**10वें से छठे नंबर पर पहुंची मुंबई इंडियंस-** मुंबई इंडियंस इस मैच से पहले अंक तालिका में सबसे अंतिम पायदान पर थी। टीम ने केकेआर को 43 गेंद रहते 8 विकेट से हराया। टूर्नामेंट में ऐसी 5 टीमें हैं, जिसने 3 में से 1 मैच जीता है लेकिन सभी में मुंबई इंडियंस का नेट रन रेट (+0.309) सबसे बेहतर है। टीम कोलकाता को हराने के बाद 10वें से छठे नंबर पर आ गई है। कोलकाता नाइट राइडर्स इस मुकाबले से पहले छठे नंबर पर थी, हारकर वह सबसे नीचे (10वें नंबर) लुढ़क गई है। उसका नेट रन रेट -1.428 सभी टीमों में सबसे खराब है।

**अंक तालिका में टॉप पर आरसीबी–** अंक तालिका में पहले नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु है। टीम ने 2 में से दोनों मैच जीते हैं, उसका नेट रन रेट भी सबसे बेहतर (+2.266) है। टॉप 4 में आरसीबी के साथ दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, गुजरात टाइटंस हैं।

# तलवारों से हमला कर बुजुर्ग की हत्या

## बचाने आए परिवार के अन्य सदस्य गंभीर घायल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

**देहात इलाके देपालपुर के एक गांव में रास्ते और मकान निर्माण को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने बुजुर्ग व्यक्ति से मारपीट करते हुए तलवार से हमला कर दिया। बुजुर्ग को बचाने आए उनके बेटे, भाई और एक अन्य रिश्तेदार पर भी तलवारों से हमला किया गया। उधर हमले में घायल बुजुर्ग ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है।**

घटना देपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रुलाय की हैं, जहां रहने वाले गब्बूलाल पिता बाबूलाल (70) पर दो दिन पहले घर के सामने रहने वाले आरोपी महेंद्र व नंदराम ने



अपने अन्य दर्जनो रिश्तेदारों व साथियो के साथ मिलकर हमला कर दिया। हमले में घायल बुजुर्ग गब्बूलाल को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया जहां कल उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं। गब्बूलाल के दामाद मनोज मालवीय ने बताया कि आरोपी महेंद्र व नंदराम उनके ससुर गब्बूलाल के घर के सामने ही रहते है दोनो परिवार के बीच रास्ते पर निर्माण करने को लेकर दो दिन पहले दोप्हर में विवाद हुआ था। मनोज ने बताया कि इसी विवाद को लेकर आरोपी महेंद्र और नंदराम ने अपने रिश्तेदारों और साथियों के साथ मिलकर ससुर गब्बूलाल का रास्ता रोककर तलवार से हमला कर दिया। हमले की जानकारी लगने पर गब्बूलाल के भाई जगदीश बेटा पंकज और चचेरा भाई रवि गब्बूलाल को बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उनपर भी तलवार से हमला कर दिया। गब्बूलाल की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि अन्य रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल है जिनका उपचार चल रहा हैं।

## हमले का मामला हत्या में बदला...
# बेटे ने चाकू से किया था पिता पर हमला, मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

**तेजाजी नगर थाना इलाके में 16 दिन पहले बेटे द्वारा चाकू से किये गए हमले में घायल बुजुर्ग पिता की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई।अब जानलेवा हमले का ये केस हत्या में तब्दील में हो गया।मकान के बंटवारे को लेकर आरोपी बेटे ने पिता के पेट मे चाकू घोंपा था।**

गत 15 मार्च को तेजाजी नगर थाना इलाके के मालवीय नगर नायता मुंडला इलाके में रहने वाले 90 वर्षीय बुजुर्ग दयाराम पिता गणपत मालवीय पर उसी के बेटे बालाराम (48) ने चाकू से हमला कर दिया था।आरोपी बेटे ने पिता

### *मकान में फिर से हिस्से को लेकर किया था हमला*

के पेट मे चाकू से वार किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।इलाज के लिए घायल बुजुर्ग को अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां कल रात उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आरोपी बालाराम अपने हिस्से का मकान बेच चुका था और अब वह अपने पिता के मकान में फिर से हिस्सा मांगकर रहना चाहता था लेकिन पिता इसके लिए तैयार नही हुए तो उसने उनसे विवाद करते हुए उनपर चाकू से हमला कर उन्हें मौत की नींद सुला दिया।मामले में पुलिस आरोपी बेटे को पूर्व में ही जानलेवा हमले के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी हैं। अब बुजुर्ग की मौत के बाद केस में हत्या की धारा बढ़ाई जाएगी।

# पुराने विवाद में युवक को चाकू मारा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

परदेशीपुरा इलाके में पुराने विवाद के चलते एक युवक को रोककर उसपर चाकू से हमला कर दिया, जिससे युवक लहूलुहान होकर घायल हो गया।उधर हमले के बाद आरोपी भाग निकले।

परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक हमले की घटना गत दिवस रात 8 बजे लालगली कोली मोहल्ला में हुई। हमले में घायल का नाम नितिन पिता राजेश कुशवाह है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी भप्पा और अन्य साथी पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताय कि आरोपी भप्पा अपने साथी के साथ आया और रोक लिया। पुराने झगडे की बात को लेकर गालियां दी और बोला कि तेरी लड़ने की इच्छा है क्या? आ जा तुझे बताते है। मैंने कहा कि तुम अपने घर जाओ। इस पर आरोपियों ने लात-घूंसों से जमकर पीटा और भप्पा ने अपनी जेब से चाकू निकालकर पीठ पर वार कर दिया। इससे मुझे चोट लगकर खून निकल आया। हमले के बाद आरोपी भाग गए। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# साउंड सिस्टम की तेज आवाज को लेकर भिड़े सगे भाई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** महू इलाके में साउंड सिस्टम की तेज आवाज से पूजा पाठ में खलल पर जब एक भाई ने दूसरे भाई को आवाज कम करने को कहा तो उनमे विवाद हो गया और नोबत मारपीट तक जा पहुंची।एक भाई ने दूसरे भाई ने काका के साथ मिलकर आवाज कम करने का कहने वाले भाई की पिटाई कर डाली।

पुलिस के मुताबिक खारोल मोहल्ला कादरिया निवासी राकेश नायर की शिकायत पर उसके सगे भाई विशाल व पड़ोस में रहने वाले काका शिवदास के खिलाफ केस दर्ज किया गया।फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैने अपने भाई विशाल से कहा कि मै माता जी की पूजा–पाठ कर रहा हूं। तू तेरे साउण्ड सिस्टम की आवाज कम कर ले तो इसी बात को लेकर मेरा भाई विशाल मुझे गालीयां देने लगा ।जब मैने उसे गाली गलोच करने से मना किया तो मेरा भाई विशाल नायर नीचे आकर मेरे साथ झूमाझटकी करने लगा। इतने में वहाँ पर मेरे पडोस में रहने वाला मेरे काका शिवदास नायर भी आ गया और वह भी मुझे माँ बहन की गालीयां देने लगा और मेरे साथ हाथ थप्पड से मारपीट करने लगा और मुझे पीछे से पकड लिया इतने मेरा भाई विशाल नायर पास में पड़ा पाईप उठाकर लाया और पाईप की मारी जो मुझे बाँयी आँख के ऊपर माथे पर चोट लगकर खून निकलने लगा। मेरे पिताजी गोपी नायर और मेरा दोस्त राजू बीचबचाव के लिये आये तो दोनो बोलने लगे की आज तो तू बच गया है। आईन्दा मुझे साऊण्ड सिस्टम पर गाने बजाने से मना किया तो तुझे जान से खत्म कर देगे ।

# बोतल में पेट्रोल नही देने पर पंपकर्मी का सिर फोड़ा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** क्षिप्रा इलाके में पेट्रोल पंप पर बोतल में पेट्रोल लेने पहुंचे आरोपियों ने पेट्रोल नही देने पर पंप कर्मी से विवाद करते हुए उसका सिर फोड़ दिया। क्षिप्रा पुलिस के मुताबिक घटना इण्डियन आइल पेट्रोल पम्प ग्राम ब्राह्मण पिपल्या की हैं, जहां काम करने वाले सोनू पिता सुरेश चौधरी की शिकायत पर नितिन वैष्णव निवासी ब्राम्हण पिपल्या, सचिन सेन निवासी ब्राम्हण पिपल्या , कुलदीप पंवार व सुमेर सिंह निवासी टोड़ी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपियों ने फरियादी को बाटल मे पेट्रोल देने से मना करने की बात पर से गालियां देते हुए मारपीट की गई। इस दौरान आरोपी सुमेर ने हाथ मे पहने कड़े से सिर पर वार किया जिससे फरियादी सोनू को चोट लगकर खून बहने लगा। हमले के बाद आरोपी धमकी देकर भाग निकले।

## नशा कर मंदिर में घुसा, महाराज को धमकाया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** मल्हारगंज पुलिस ने बताया कि पंचकुइया श्रीराम मंदिर हुकुमचंद कालोनी में रहने वाले श्रीराम गोपाल महाराज ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि लखन पिता ओमप्रकाश जाट निवासी कड़ाबीन शराब के नशे में मंदिर परिसर के अंदर आकर घूमने लगा और बोला कि मेरे परिवार वालों को आपने मंदिर के बाहर क्यों कर दिया तो मैंने उसे कहा कि अभी तू जा तू नशे में है तो लखन गालीगलौच करने लगा, तभी वहां पर मंदिर के सेवक मुकेश अलावा व कल्लू राठौर आ गए तो लखन ने धमकी दी कि महाराज आज तो तुम बच गए आइंदा मुझसे कुछ बोला तो जान से खत्म कर दूंगा।

# ईद के मेले में पत्थर मारने को लेकर हुआ विवाद अस्पताल तक पहुंचा, दो पक्षों में जमकर मारपीट

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। **चंदननगर इलाके में ईद के मेले के दौरान युवक को पत्थर मारने पर शुरू हुआ विवाद क्षेत्र के अस्पताल तक जा पहुंचा।जहां दो पक्षों में संघर्ष हो गया। इस दौरान जमकर लात घूंसे चले। पुलिस ने मामले में दोनो ही पक्षों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया हैं।**

चंदन नगर पुलिस के मुताबिक एक पक्ष की तरफ से ग्यासुद्दीन पिता अब्दुल गनी निवासी ग्रीन पार्क अली मस्जिद के पीछे की शिकायत पर अय्यूब व उसके बेटे दोनो निवासी ग्राम बाँक के खिलाफ केस दर्ज किया गया हैं।फरियादी ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि मैं पत्नी गुलनाज बी के साथ ग्रीन पार्क ईद के मेले में गया था। तभी आरोपी अय्यूब के बेटे ने मुझे पत्थर मार दिया जिससे मुझे सिर में चोट लगकर खून निकलने लगा। तभी उसके पिता अय्यूब वहा आ गये तो मैंने उनको बोला कि तुम्हारे लडके ने मुझे पत्थर मार दिया तो अय्यूब मुझे इलाज कराने फील अस्पताल लेकर गया तभी मेरे पिता अब्दुल गनी को घटना क्री जानकारी मिलने पर वह भी फील अस्पताल आये तो मेरे पिता ने अय्यूब को बोला कि तुम्हारे बच्चे ने कैसी हरकत की कभी ज्यादा चोट आ जाती तो ,इतने में अय्यूब मुझे व मेरे पापा अब्दुल गनी को गाली देने लगा। अय्यूब मेरे व मेरे पिता के साथ हाथ मुक्को से मारपीट करने लगा और बोला कि आइंदा मेरे बेटे को कुछ बोला तो तुम दोनो को जान से खत्म कर दूंगा। इस मामले में दूसरे पक्ष की ओर से फहीम पिता यूनुस निवासी सिरपुर बाँक की शिकायत पर गयासुद्दीन और उसके पिता अब्दुल गनी के खिलाफ केस दर्ज किया। दूसरे पक्ष ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि मुझे बडे पापा के लडके अय्यूब ने फोन पर बताया कि आज मेरे बेटे अलफेज ने खेलते समय ,ग्यासुद्दीन को पत्थर से मार दिया जिससे चोट लगकर खून निकल रहा था जिसका इलाज कराने फील अस्पताल जा रहा हूं तू भी आजा तो मैं फील अस्पताल पहुंचा तभी वहा पर ग्यासुद्दीन व उसके पिता अब्दुल गनी ,मेरे भाई अय्यूब को गालियां दे रहे थे । मेरे भाई अय्यूब व मैंने उन्हे गाली गुप्ता करने से मना किया तो इसी बात पर से अब्दुल गनी ने पत्थर से मेरे भाई अय्यूब के मुंह पर मार दिया जिससे उसे होठ पर चोट लग कर खून निकलने लगा तब मैंने बीच बचाव किया।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।